* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 319 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, शनिवार, 18 अप्रैल 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com




सोनपुर स्थित हरिहरनाथ मंदिर में परिवार के साथ पूजा करते सीएम सम्राट चौधरी

## मुख्यमंत्री ने किया विश्व के सबसे बड़े सांख्यिकी अभियान भारत की जनगणना-2027 का शुभारंभ

# जनगणना सुशासन की आधारशिला : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को विश्व के सबसे बड़े सांख्यिकी अभियान भारत की जनगणना-2027 का राज्य में शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना सुशासन की आधारशिला है, जो भविष्य की विकास नीतियों का आधार बनेगी। यह अभियान देश की योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। जनगणना-2027 को तकनीकी रूप से एक ऐतिहासिक पहल बताया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का अभियान है। उन्होंने नागरिकों से स्व-गणना या प्रगणकों को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सटीक और समावेशी



जनगणना देश के विकास की नींव रखेगी। यह प्रक्रिया आने वाले वर्षों की नीतियों को दिशा देगी। जनता की भागीदारी से ही यह अभियान सफल हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना-2027 में पहली बार पूर्णतः डिजिटल डेटा संग्रहण तथा स्व-गणना की सुविधा 17 अप्रैल से एक मई तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दो  से 31 मई 2026 तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। स्व-गणना के माध्यम से या प्रगणकों को सहयोग प्रदान कर एक सटीक, समावेशी और विश्वसनीय जनगणना संपन्न करने में अपना सहयोग दें। 'जनगणना-2027' बिहार एवं देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल, गृह विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जनगणना की तैयारियों और क्रियान्वयन पर चर्चा की।

# नीतीश कुमार को लुटियंस में मोदी सरकार ने दिया शानदार बंगला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को मोदी सरकार ने राजधानी दिल्ली में नया सरकारी आवास आवंटित कर दिया है। उन्हें लुटियंस दिल्ली के बेहद वीआईपी इलाके सुनहरी बाग में टाइप-8 श्रेणी का बंगला दिया गया है। नीतीश कुमार अब 9, सुनहरी बाग स्थित इस उच्च श्रेणी के आवास में रहेंगे। इससे पहले वह 6, कामराज लेन स्थित आवास में रह रहे थे। राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद उन्हें यह बड़ा और अधिक प्रतिष्ठित बंगला आवंटित किया गया है। जिस सुनहरी बाग इलाके में नीतीश कुमार को नया बंगला आवंटित किया गया है, वह दिल्ली के सबसे सुरक्षित और अहम इलाकों में गिना जाता है। यहां देश कई बड़े नेता रहते हैं। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में विपक्ष के नेता



राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जैसे नाम शामिल हैं। बता दें कि लुटियंस दिल्ली में सरकारी आवासों को टाइप-1 से टाइप-8 तक वर्गीकृत किया जाता है, जिसमें टाइप-8 सबसे उच्च श्रेणी मानी जाती है। इस श्रेणी के बंगलों का क्षेत्रफल आमतौर पर 8,000 से 8,500 वर्गफुट तक होता है। इनमें कई बेडरूम, बड़े ड्राइंग और डाइनिंग एरिया, स्टडी रूम, गेराज और आगे-पीछे विशाल लॉन होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी शेखर यादव गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया है कि शपथ ग्रहण के दिन आरोपी ने फोन कर 24 घंटे के भीतर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी शेखर यादव बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र का निवासी है। सूचना मिलने के बाद से संग्रामपुर पुलिस लगातार सक्रिय थी।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** समस्तीपुर-रोसड़ा मुख्य मार्ग पर एक दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल दो लोगों की शुक्रवार को मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह डिहुली ढाला के पास की थी। पहली मौत दरभंगा के डीएमसीएच जबकि दूसरी मौत समस्तीपुर के निजी अस्पताल में हुई। मृतकों की पहचान ऑटो ड्राइवर सीताराम सहनी और एथलिट दिलखुश कुमार के रूप में हुई है। दिलखुश कुमार की मौत दरभंगा के डीएमसीएच, जबकि सीताराम सहनी की मौत समस्तीपुर के निजी अस्पताल में हुई। सीताराम के परिवार वालों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। दोनों मृतक रोसरा थाना क्षेत्र के पुरानी भिड़हा गांव के रहने वाले थे।


### मुख्यमंत्री ने डा. सीपी ठाकुर से की शिष्टाचार मुलाकात

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. सीपी ठाकुर से उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। डा. ठाकुर ने अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उन्होंने श्री चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने भी डा. सीपी ठाकुर को अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने भूतनाथ रोड जाकर दुर्घटना में घायल कुम्हरार के विधायक संजय गुप्ता से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# हरिवंश तीसरी बार बने राज्यसभा के उपसभापति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** हरिवंश नारायण सिंह तीसरी बार



राज्यसभा के उपसभापति बने हैं। उन्हें शुक्रवार को निर्विरोध चुना गया हैं। विपक्ष की ओर से कोई नाम नहीं आया था। पहली बार किसी मनोनीत सदस्य को राज्यसभा का उपसभापति चुना गया है। हरिवंश के समर्थन में राज्यसभा सचिवालय को पांच प्रस्ताव मिले। सदन के नेता जेपी नड्डा ने पहला प्रस्ताव रखा जबकि दूसरा प्रस्ताव नितिन नवीन ने दिया। पीएम मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार उपसभापति चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि सदन को आप पर गहरा भरोसा है। बीते समय में आपके अनुभव का सदन को लाभ मिला है। आपने सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश की है। हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हुआ था। उनकी पार्टी जदयू ने इस बार नाम नहीं दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने उनका मनोनयन किया। पूर्व सीजेआइ रंजन गोगोई के रिटायर होने के बाद सीट खाली हुई थी। इसे भरने के लिए जदयू के हरिवंश को चुना गया। वे 2032 तक राज्यसभा में रहेंगे।

# अप्रैल से जुलाई तक योजना मद की 33 प्रतिशत राशि ही करें खर्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने वित्तीय अनुशासन को मजबूत करने के लिए नया खर्च ढांचा लागू किया है। इसके तहत चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से जुलाई तक केवल 33 प्रतिशत योजना मद की राशि ही खर्च की जा सकेगी। यह निर्देश वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर द्वारा जारी किया गया है। सभी विभागों, जिलाधिकारियों और कोषागार पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। इस कदम का उद्देश्य सरकारी खर्च में संतुलन और पारदर्शिता बनाए रखना है। नए नियम के अनुसार अगस्त से नवंबर के बीच 32 प्रतिशत अतिरिक्त राशि खर्च की जा सकेगी। इस प्रकार अप्रैल से नवंबर तक कुल 65 प्रतिशत बजट उपयोग की अनुमति होगी। कोषागारों से निर्धारित सीमा से अधिक राशि की निकासी पर रोक रहेगी। इस व्यवस्था से वित्तीय प्रबंधन को अधिक नियंत्रित बनाने पर जोर दिया गया है। सरकार ने इसे अनुशासनात्मक सुधार की दिशा में अहम कदम बताया है। स्थापना व्यय जैसे वेतन, पेंशन, भत्ता और कार्यालय खर्च को इस सीमा से अलग रखा गया है। इन जरूरी मदों में खर्च की शर्तों को आंशिक रूप से शिथिल किया गया है। सरकारी कार्यों के सुचारु संचालन के लिए यह राहत दी गई है। हालांकि योजना मद पर सख्त निगरानी जारी रहेगी। वित्त विभाग लगातार खर्च की समीक्षा करेगा। दिसंबर से मार्च के बीच शेष 35 प्रतिशत बजट खर्च करने की अनुमति होगी। इससे वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आने की उम्मीद है। सरकार का लक्ष्य समयबद्ध और प्रभावी बजट उपयोग सुनिश्चित करना है। विभागों को तय सीमा के भीतर ही खर्च करने का निर्देश दिया गया है। इससे वित्तीय अनुशासन और बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

# जदयू विधायक दल की बैठक 20 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन के बाद नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने 20 अप्रैल को विधायक दल की बैठक बुलाई है। संभावना है कि इसमें विधायक दल का नया नेता चुना जाएगा। नीतीश ने पिछले दिनों बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बने। सम्राट के नेतृत्व वाली सरकार में जदयू से दो नेताओं विजय चौधरी एवं बिजेंद्र यादव को डिप्टी सीएम बनाया गया लेकिन सदन में पार्टी का अभी कोई नेता नहीं है। अब तक नीतीश कुमार ही जदयू विधान मंडल दल के नेता थे लेकिन वह राज्यसभा चले गए हैं, तो आगामी बैठक में नया नेता चुना जा सकता है। फिलहाल, डिप्टी सीएम विजय चौधरी के जदयू विधायक दल का नेता बनाए जाने की अटकलें चल रही हैं। वह सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार में नंबर दो की हैसियत से डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। उनके साथ 15 अप्रैल को जदयू के वरीय नेता बिजेंद्र प्रसाद यादव ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी लेकिन उन्हें पार्टी विधायक दल का नेता बनाए जाने की संभावना कम हैं। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने हाल ही में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया। लगभग दो दशक तक इस पद पर काबिज रहने वाले नीतीश ने पिछले महीने राज्यसभा जाने का फैसला लिया था। 16 मार्च को उन्होंने राज्यसभा का चुनाव जीता। 30 अप्रैल को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से त्यागपत्र दिया। फिर दिल्ली जाकर 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद की शपथ ली। इसके बाद पटना आकर 14 अप्रैल को उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया और राज्य में एनडीए की नई सरकार के गठन की राह खोली।


# 40 हजार घूस लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** निगरानी की टीम ने राजस्व कर्मचारी लाल बाबू रजक और महिला सहकर्मी रूमी कुंडू को 40 हजार रुपए घूस लेते हुए पकड़ा है। कार्रवाई के लिए निगरानी की 7 सदस्यीय टीम अंचल कार्यालय स्थित अभिलेखागार ऑफिस में पहुंची थी। घूस लेने वाले बाबू रजक और रूमी 3 साल से ज्यादा समय से पूर्णिया पूर्व के अंचल ऑफिस में पोस्टेड थे। निगरानी दोनों से पूछताछ कर रही है। पकड़े गए राजस्व अधिकारी पिछले 3 साल से अंचल कार्यालय में जमे थे। बाबू रजक के जिम्मे सिकंदरपुर, बरसौनी, गुलाबबाग और टाउन का भी प्रभार था। शिकायतकर्ता सूरज सहनी ने बताया कि मामला साढ़े 3 कट्ठा जमीन से जुड़ा है। इसी जमीन पर रोक संबंधित प्रतिवेदन को लेकर मुझे राजस्व अधिकारी पिछले



3 महीने से दौड़ा रहे थे। इसके बाद रिश्वत के लिए राजस्व अधिकारी ने मुंह खोला था। निगरानी के डीएसपी अमरेंद्र प्रसाद विद्यार्थी ने बताया कि बीते 8 अप्रैल को सदर थाना क्षेत्र के पोलोग्राम हंसदा के रहने वाले सूरज सहनी ने निगरानी ऑफिस में राजस्व अधिकारी के खिलाफ शिकायत की थी। आवेदन में उन्होंने पूर्णिया पूर्व अंचल ऑफिस में पोस्टेड राजस्व अधिकारी लाल बाबू रजक के ऊपर 40 हजार रुपए रिश्वत की डिमांड का आरोप लगाया था। सूरज के पास इसके सबूत भी थे। जांच में शिकायत सही मिली, फिर एफआईआर हुई। टीम का गठन हुआ। राजस्व कर्मचारी ने शिकायतकर्ता सूरज सहनी को डिमांड के 40 हजार रुपए लेकर ऑफिस बुलाया था। अंचल कार्यालय के अभिलेखागार में राजस्व अधिकारी लाल बाबू रजक और सहकर्मी रूमी कुंडू को 40 हजार रुपए लेते पकड़ा गया। कैश लाल बाबू को दिया जा रहा था। लाल बाबू ने ये कैश रूमी कुंडू को देने को कहा था। कैश कागज में लपेट कर दिया गया था जिसके ऊपर शिकायतकर्ता का नाम लिखा था।







### पैक्स अध्यक्ष का शव बरामद

**शेखपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** शेखपुरा के पैक्स अध्यक्ष संजीत कुमार (40) का शव शुक्रवार को उनके पैतृक गांव वभनबीघा के बघार स्थित एक बांस के बगीचे के पास से बरामद किया गया। संजीत कुमार जदयू नेता और पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह के पुत्र थे। ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह बघार में गेहूं के खेत से भूसा लाने के दौरान शव देखा। उन्होंने तुरंत स्थानीय थाना पुलिस और डायल 112 को इसकी सूचना दी।

### मधुबनी से 'मेड इन बिहार' की नई पहचान गढ़ रहा 'सावी ग्लोबल'

# 12 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मधुबनी चित्रकला के लिए विश्वभर में पहचान रखने वाला मधुबनी अब एक नए औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की कहानी लिख रहा है। सावी ग्लोबल फैशन प्राइवेट लिमिटेड की टेक्सटाइल और लेदर निर्माण इकाई का हालिया उद्घाटन इस बदलाव का प्रतीक है। यह केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि बिहार की बदलती आर्थिक सोच, बढ़ते आत्मविश्वास और नए अवसरों की बुनियाद है।

हाल ही में सावी ग्लोबल फैशन की टेक्सटाइल्स एवं लेदर फैक्ट्री का उद्घाटन किया गया। 300 करोड़ के निवेश से स्थापित यह इकाई औद्योगिक क्षेत्र, पंडौल में 13.27 एकड़ में फैली है जिसमें लगभग 6.65 एकड़ का निर्मित क्षेत्र शामिल है। यहां तैयार होने वाले टेक्सटाइल परिधान, लेदर उत्पाद और जूते न केवल घरेलू बाजार की मांग को पूरा करेंगे, बल्कि बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं इडा, कुंदन कुमार ने कहा सावी ग्लोबल की यह इकाई बिहार में 'मेड इन बिहार' ब्रांड को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण, बेहतर आधारभूत संरचना और तेजी से अनुमोदन की प्रक्रिया सुनिश्चित कर रही है। मधुबनी जैसे जिलों में इस तरह के निवेश न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करेंगे, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के माध्यम से राज्य के समावेशी विकास को भी गति देंगे। इस परियोजना की असली ताकत इसके उत्पादन से कहीं अधिक, इसके प्रभाव में छिपी है। पूर्ण क्षमता पर लगभग 12,000 लोगों को रोजगार देने वाली यह यूनिट हजारों परिवारों के जीवन में स्थिरता और आय का नया आधार बनेगी। भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिससे यह साफ है कि उद्योग अब केवल योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर उतर चुका है।


## डॉ. प्रेम कुमार ने स्व गणना में किया पंजीकरण, नागरिकों से भागीदारी की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने सरकारी आवास स्थित आवासीय कार्यालय में स्व गणना अभियान के तहत स्वयं को पंजीकृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्व गणना समाज के प्रत्येक वर्ग की वास्तविक स्थिति को समझने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आम नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर शासन-प्रशासन को सटीक और अद्यतन आंकड़े उपलब्ध करा सकेंगे जिससे विकास योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंचाना और अधिक सुगम होगा। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पहल में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्व गणना को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में इस प्रकार की पहल पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देती है और इससे सरकार तथा जनता के बीच संवाद मजबूत होता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्व गणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### हरिवंश के उपसभापति चुने जाने पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने हरिवंश को राज्यसभा के उपसभापति के रूप में निर्विरोध निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हरिवंश की पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रही है और उनका सार्वजनिक जीवन सादगी, सत्यनिष्ठा तथा समर्पण का उदाहरण है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्ष 2018 में पहली बार और वर्ष 2020 में दूसरी बार राज्यसभा के उपसभापति पद पर निर्वाचित होने के बाद अब तीसरी बार इस पद पर उनका निर्विरोध चयन यह दर्शाता है कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और निष्पक्षता पर सदन का अटूट विश्वास है।

## नारी विरोधी विपक्ष का घिनौना चेहरा देश के सामने : मैथिली ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर हुई वोटिंग (पक्ष में 298, विरोध में 230) ने विपक्ष की नारी विरोधी मानसिकता को पूरी तरह उजागर कर दिया है। यह स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण सिर्फ एक राजनीतिक नारा है, वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं। विधायक मैथिली ठाकुर ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा महिला आरक्षण बिल का विरोध करना देश की आधी आबादी के अधिकारों पर सीधा और खुला हमला है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग नारी सम्मान की बात करते हैं, वही संसद में महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, लेकिन विपक्ष हमेशा ऐसे प्रयासों में बाधा डालता रहा है। मैथिली ठाकुर ने आगे कहा विपक्ष का असली चेहरा अब देश की हर महिला के सामने आ चुका है। यह केवल सत्ता की राजनीति करने वाले लोग हैं जिन्हें महिलाओं के अधिकारों और उनके भविष्य की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी इस दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी।

## पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक ने फ्रेट कॉरिडोर कनेक्टिविटी, रनिंग रूम एवं क्रू लॉबी का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा श्रमजीवी एक्सप्रेस से पटना-डीडीयू रेलखंड विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने डीडीयू जंक्शन से परख निरीक्षण यान द्वारा चल निरीक्षण प्रारंभ किया गया। महाप्रबंधक द्वारा डीडीयू जंक्शन से चुनार तक भारतीय रेल के पारंपरिक रेलमार्ग पर तथा इसके उपरांत चुनार से न्यू डगमगपुर स्टेशन तक पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेलखंड का निरीक्षण किया गया तथा वहां से वापसी में भी फ्रेट कॉरिडोर लाइन से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने मार्ग पर उपलब्ध रेल अवसंरचना, ट्रैक, सिग्नल व्यवस्था एवं परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही डीडीयू क्षेत्र से विभिन्न स्थानों पर भारतीय रेल एवं डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के मध्य कनेक्टिविटी, लिंक व्यवस्था तथा समन्वित परिचालन से जुड़े पहलुओं का भी जायजा लिया गया। डीडीयू जंक्शन क्षेत्र से पटना दिशा की ओर गुजरने वाली प्रस्तावित तीसरी एवं चौथी लाइन के एलाइनमेंट तथा संबंधित कार्यों को लेकर भी जायजा लिया गया। इसके उपरांत महाप्रबंधक ने न्यू डीडीयू जंक्शन स्थित डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के नवनिर्मित रनिंग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान रनिंग स्टाफ हेतु उपलब्ध विश्राम कक्ष, स्वच्छ आवासीय व्यवस्था, भोजन कक्ष तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही न्यू डीडीयू जंक्शन स्थित क्रू लॉबी का भी निरीक्षण कर वहां की कार्य प्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक द्वारा न्यू डीडीयू जंक्शन से न्यू गंजख्वाजा तक फ्रेट कॉरिडोर लाइन से निरीक्षण किया गया तथा वहां से भारतीय रेल के पारंपरिक ट्रैक से डीडीयू जंक्शन तक रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित मंडल के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों को मिलेगा समय पर भुगतान, गेहूं-मसूर खरीद में सरकार सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रबी विपणन मौसम 2026-27 के अंतर्गत गेहूं एवं मसूर अधिप्राप्ति (खरीदारी) की प्रगति की समीक्षा के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति योजना के तहत गेहूं अधिप्राप्ति तथा प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत मसूर अधिप्राप्ति की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव ने निर्देश दिया कि अधिप्राप्ति कार्य में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं किसानों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान गन्नी बैग्स की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिप्राप्ति केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में गन्नी बैग्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि भंडारण एवं परिवहन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आवश्यक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति पर भी चर्चा की गई। सचिव ने निर्देश दिया कि अधिप्राप्ति केंद्रों पर गुणवत्ता जांच की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि राज्य सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा एवं उन्हें उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। बैठक में सहकारिता विभाग के निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार, बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह समेत कई अन्य मौजूद थे।

## 19 अप्रैल को हाजीपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर/वैशाली।** प्रतिभा सम्मान सह नारायणी सम्मान समारोह का आयोजन 19 अप्रैल (रविवार) को रॉयल पैलेस, लालगंज रोड, हाजीपुर में दोपहर 2:00 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन निरमल इंडिया न्यूज द्वारा कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी के सहयोग से तथा 'लेटस इंसपायर बिहार' पहल के समर्थन में किया जा रहा है। इस अवसर पर आईपीएस अधिकारी विकास वैभव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे जबकि प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे जिससे इस आयोजन का महत्व और भी बढ़ गया है। डॉ. आनंद रंजन झा ने बिहार में शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। अपनी संस्था के माध्यम से उन्होंने हजारों युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया है। उनके इस योगदान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सराहना मिली है। उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है जिनमें इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस, आइकन ऑफ भारत अवार्ड, इंटरनेशनल टीचर एक्सीलेंस अवार्ड, भारत गौरव सम्मान, भारत रत्न आइकॉनिक अचिवर्स अवार्ड, नैशनल प्राइड एंड एक्सीलेंस अवार्ड, राष्ट्रीय सेवा सम्मान, राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान तथा पद्मश्री ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 शामिल हैं। आयोजकों के अनुसार इस समारोह में शिक्षा, सामाजिक सेवा, कला एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को प्रेरित करना है।

## होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. बी.एम. प्रसाद को स्नातकोत्तर (पीजी) की मिली उपाधि




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर यूनाइटेड किंगडम की संसद हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आयोजित एक भव्य अंतरराष्ट्रीय दीक्षांत समारोह में पटना के प्रतिष्ठित होम्योपैथिक चिकित्सक प्रोफेसर डॉ. बी.एम. प्रसाद को स्नातकोत्तर (पीजी) की उपाधि प्रदान की गई। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के साथ वे अब डबल पीजी हो गए हैं जो न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, बल्कि बिहार और पूरे देश के लिए भी गर्व का विषय है। इस अंतरराष्ट्रीय समारोह में विभिन्न देशों के प्रमुख होम्योपैथिक विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया जहां डॉ. प्रसाद ने ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों पर आधारित अपनी महत्वपूर्ण शोध प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने शोध में बच्चों के केस स्टडी को सरल, स्पष्ट और प्रमाणिक तरीके से प्रस्तुत किया जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समय पर पहचान, सही उपचार और नियमित देखभाल के माध्यम से बच्चों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

## पटना में सजा अंतरराष्ट्रीय व्यापार का भव्य मंच, इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पटना के ज्ञान भवन में इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी कुमारी एवं मेले के आयोजक चंदन चटर्जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर महापौर सीता साहू ने कहा ऐसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों का आयोजन पटना जैसे शहर के लिए गर्व की बात है। इससे न केवल स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को वैश्विक मंच मिलता है, बल्कि बिहार में निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। इंडिया ग्लोबल ग्रैंड ट्रेड फेयर का आयोजन भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (कोलकाता) एवं सीसीजी मार्केटिंग एंड सर्विसेज (कोलकाता) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। मेले में ईरान, सऊदी अरब, बांग्लादेश, दुबई, अफगानिस्तान, नाइजीरिया, कुवैत एवं जर्मनी सहित कई देशों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों की भी व्यापक भागीदारी देखने को मिल रही है। मेले में विभिन्न देशों के विशेष उत्पाद भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं जिनमें अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, दुबई के परफ्यूम तथा ईरान के ड्राई फ्रूट्स एवं ज्वेलरी प्रमुख

## शिक्षा विभाग का आदेश, सभी प्रखंडों के मॉडल स्कूलों में नामांकन शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी प्रखंडों में चयनित मॉडल विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया है। विदित हो कि राज्य सरकार के आदेश पर 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' के तहत राज्य के सभी प्रखंडों में एक-एक उच्च माध्यमिक विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस क्रम में कक्षा 9 में नामांकन लिया जाएगा तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं मेरिट आधारित बनाया गया है। नामांकन हेतु चयन प्रक्रिया एनएमएमएस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर की जाएगी जिसमें न्यूनतम 50 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में मेधा सूची तैयार कर प्रत्येक मॉडल विद्यालय में कक्षा 9 के लिए न्यूनतम 40 सीटों पर नामांकन किया जाएगा। यदि एनएमएमएस उत्तीर्ण छात्रों की संख्या कम होती है तो कक्षा 8 के अंकों के आधार पर अन्य इच्छुक छात्रों को भी अवसर प्रदान किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा लिया जाएगा।

# सृजन साथी जनसंपर्क अभियान की शुरुआत

### डिजिटल सिस्टम से जमीनी कार्यकर्ताओं को सीधे नेतृत्व से जोड़ेगी बिहार कांग्रेस : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से 'सृजन साथी जनसंपर्क अभियान' नामक विशेष डिजिटल ड्राइव की शुरुआत की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य पार्टी के नेतृत्व और सांगठनिक पदों को सीधे जमीनी कार्यकर्ताओं और आम जनता से जोड़ना है, ताकि संगठनात्मक ढांचा अधिक सशक्त और लोकतांत्रिक बन सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि इस अभियान के तहत इच्छुक लोग 'सृजन साथी' के रूप में पंजीकरण कर कांग्रेस की विचारधारा और संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़ सकेंगे। सृजन साथी बनने के लिए आवेदक का बिहार का पंजीकृत मतदाता होना और उसकी आयु न्यूनतम 18 वर्ष होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक किसी अन्य राजनीतिक दल का सदस्य नहीं होना चाहिए तथा पार्टी के संविधान और विचारधारा में उसका पूर्ण विश्वास होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए वैध वोटर आईडी और एक ताजा लाइव फोटो अनिवार्य होगा। इस जनसंपर्क अभियान के तहत 50 का शुल्क निर्धारित किया गया है जिसकी वैधता सामान्यतः 5 वर्ष तक रहेगी। राजेश राम ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से पार्टी ने संगठनात्मक पदों के लिए भी स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इसके तहत बिहार के सभी 53 सांगठनिक जिलों के जिला अध्यक्षों को अभियान की पूरी जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक जिला अध्यक्ष को स्वयं 2,000 सृजन साथी बनाने होंगे और अपने जिले में ब्लॉक एवं प्रदेश स्तर के दावेदारों द्वारा तय लक्ष्यों की निगरानी करनी होगी। इसी प्रकार ब्लॉक अध्यक्ष पद के दावेदारों के लिए कम से कम 200 सृजन साथी बनाना अनिवार्य किया गया है।

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने 15 हजार से ज्यादा जल निकाय बनाए, 15 लाख परिवारों को मिली जल सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक के मुख्य कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी कार्यक्रम, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने घोषणा की है कि उसने पूरे भारत में कुल मिलाकर 15,289 से ज्यादा जल निकायें बनाए हैं और उनकी मरम्मत की है। ये निकायें 10,430 से ज्यादा गांवों में फैले हैं और इनसे 14.92 लाख परिवारों को मदद मिली है। इसके स्वास्थ्य और स्वच्छता स्तंभ के तहत 950 से ज्यादा गांवों को सामुदायिक शुद्धिकरण प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित पेयजल भी उपलब्ध कराया गया है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर हेड, नुसरत पठान ने इस मौके पर बोलते हुए कहा एचडीएफसी बैंक परिवर्तन में हमने समुदायों तक पहुंचने और उनकी जरूरतों को पूरा करने का काम किया है, चाहे पहाड़ों में 'आइस स्तूप' बनाना हो या उन गांवों में पानी शुद्ध करने वाले प्लांट लगाना हो जहां पहले कभी साफ नल का पानी नहीं पहुंचा था। 'परिवर्तन' के जरिए हमारा काम वाटरशेड डेवलपमेंट, बारिश के पानी को जमा करना, जल निकायों का निर्माण और उन्हें फिर से जीवित करना, आखिरी छोर तक सिंचाई का इंफ्रास्ट्रक्चर पहुंचाना और पर्यावरण के अनुकूल खेती के तरीकों को बढ़ावा देना है।

## तकनीकी अपग्रेड से बदला सहकारी बैंकिंग का चेहरा, बीएससीबी अब पूरी तरह आधुनिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य सहकारी बैंक ने राज्य के सहकारी बैंकिंग तंत्र को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। बैंक द्वारा अत्याधुनिक फिनाकल 10.25 प्लेटफॉर्म पर सफलतापूर्वक माइग्रेशन पूर्ण कर लिया गया है। इसके बाद यह देश के अग्रणी वाणिज्यिक बैंकों के समकक्ष तकनीकी क्षमता प्राप्त कर चुका है। विशेष रूप से यह माइग्रेशन शून्य माइग्रेशन बैलेंस के साथ अत्यंत सुव्यवस्थित एवं निर्बाध रूप से संपन्न किया गया है जो बैंक की तकनीकी दक्षता एवं सुनियोजित कार्यप्रणाली को बताता है। इस व्यापक तकनीकी अपग्रेड के बाद राज्य के सभी ग्राहकों तथा जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के खातों को एकीकृत करते हुए प्रत्येक ग्राहक को यूनिक खाता संख्या प्रदान की गई है। इससे बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता, सटीकता एवं सुगमता सुनिश्चित होगी, जो कि भविष्य में डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार का माध्यम बनेगा। बैंकिंग संचालन में एकरूपता एवं वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनरल लेजर कोड एवं ट्रायल बैलेंस का व्यापक मानकीकरण किया गया है। इससे लेखा प्रणाली अधिक सुदृढ़, त्रुटिरहित एवं ऑडिट के अनुकूल बनी है जिससे वित्तीय प्रबंधन में गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त बैंक की तरफ से आधुनिक तकनीकी समाधानों को अपनाते हुए एचआरएमएस, एएमएल सॉल्यूशन, लोन मैनेजमेंट सिस्टम, जीएसटी मॉड्यूल तथा आईसीसीसी जैसे अत्याधुनिक एप्लिकेशन का सफल परीक्षण कर उन्हें पूरी तरह से क्रियाशील कर दिया गया है।

## इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान में दिल के मरीजों के लिए बड़ी खुशखबरी, तीसरा कैथलैब जल्द होगा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में हृदय रोगियों के इलाज के लिए विख्यात इंदिरा गांधी हृदय संस्थान में एक और बड़ी सुविधा शुरु होने जा रही है। अस्पताल में मरीजों के त्वरित उपचार के लिए तीसरा कैथलैब का निर्माण किया जा रहा है जिससे मरीजों को अब हृदय संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए इंतजार करने की जरूरत नहीं होगी। इस विषय पर जानकारी देते हुए अस्पताल के लोक सूचना अधिकारी डॉ अमिताभ ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए तीसरा कैथलैब का निर्माण करने की योजना बनायी जा रही है। फिलहाल कैथलैब के निर्माण के लिए बीएमएसआइसीएल ने प्रक्रिया चालू कर दी है। उम्मीद है कि इसी साल जून-जुलाई महीने से यह सुविधा शुरू कर दी जायेगी। सूचना अधिकारी डॉ अमिताभ ने बताया कि बीते एक साल में 1 लाख मरीजों ने ओपीडी में एवं लगभग 14600 मरीजों ने इमरजेंसी में हृदय का उपचार करवाया है। अस्पताल में इलाज के लिए बिहार के अलावा अन्य राज्य के भी मरीज आते हैं। बता दें कि अस्पताल में पहले से दो एडवांस कैथलैब मौजूद है।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नये नियम के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संपूर्ण भारत देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 1 अप्रैल से लागू थे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के प्रति सभी संबंधित हितधारकों में जागरूकता अभिवर्धित करने व उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम कई चरणों में चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद मई माह में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जायेगा। इसी कड़ी में आज प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में राज्य के पटना एवं जहानाबाद जिलों के मुखिया सहित पंचायत स्तर तक के संबंधित पदाधिकारी तथा प्रखंड समन्वयक एवं अन्य के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 1335 प्रतिभागी जुड़े रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. डीके. शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि इस नियमावली, 2026 को नियमावली, 2016 के स्थान पर अधिसूचित किया गया है जो 1 अप्रैल से लागू है। नियमावली 2026 बुनियादी कचरा संग्रहण से हटकर डेटा संचालित, सख्त कानूनी जवाबदेही की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। इसका उद्देश्य कचरा को उपयोगी संसाधन में परिवर्तित कर चक्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। नये नियमावली में ठोस अपशिष्ट का चार स्तरीय पृथक्करण स्रोत पर ही किया जाना अनिवार्य किया गया है। थोक कचरा उत्पादकों की जवाबदेही तय की गई है। थोक कचरा उत्पादक को 100 प्रतिशत गीले कचरे का स्थल पर ही प्रसंस्करण करना होगा अन्यथा विस्तारित उत्पादक प्रमाण प्राप्त करना होगा। थोक अपशिष्ट उत्पादकों को विभिन्न मानदंडों यथा फ्लोर एरिया प्रतिदिन, कचड़ा उत्पादन 100 प्रतिदिन और जल की खपत 2 40,000 लीटर प्रतिदिन के आधार पर चिन्हित किया गया है।

CMYK

# आवेदकों की समस्याओं का करें समाधान : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी के द्वारा 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। कुल 10 आवेदकों से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनता दरबार के दौरान शिवसागर प्रखंड अंतर्गत ग्राम खडीहा के एक आवेदक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर उप विकास आयुक्त, रोहतास को अग्रसारित करते हुए आवश्यक जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में नोखा थाना क्षेत्र के ग्राम-पोस्ट नोखा निवासी धर्मेन्द्र कुमार धीरज द्वारा आपसी विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इसे अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम को संयुक्त रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु भेजा गया। एएनएम संविदा कर्मी कान्ती कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने कार्यस्थल पर उत्पीड़न तथा जांच दल द्वारा पक्षपात किए जाने की शिकायत की। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिवसागर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी पाठक निवासी रामप्रवेश गुप्ता द्वारा चेनारी स्थित निरीक्षण बंगला परिसर में उनके नाम से आवंटित दुकान संख्या-17 पर अवैध रूप से संचालित इलेक्ट्रिक दुकान को खाली कराने के संबंध में आवेदन दिया गया। इस मामले को लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सासाराम को जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। इसके अतिरिक्त मे. परिक्षित सिंह ट्रक सिंडिकेट, मेन रोड बक्सर द्वारा खनन अधिहरण वाद संख्या 12/2026 में जब्त वाहन को मुक्त कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर भी संबंधित विभाग को नियमानुसार जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं ग्राम कैथी एवं भदोखरा के आवेदकों दौलती देवी, कृष्णा सिंह पटेल, अशोक कुमार सिंह एवं मिथिलेश यादव द्वारा प्रस्तुत सामूहिक आवेदन को प्रभारी पदाधिकारी, विधि शाखा, रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी को भेजा गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मामले की गहन जांच कर अविलंब आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से किया जाए। कहा कि 'सबका सम्मान - जीवन आसान' कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को प्रशासनिक स्तर पर सहज, सुलभ एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराना है। ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

## वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोथा मोड़ के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय स्वामीनाथ पासी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी समेत फरार हो गया। मृतक ग्राम जयश्री के रहने वाले थे और अमरूद के बगीचे से काम निपटाकर अपने घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग और स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ लग गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम होने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही काराकाट पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कच्छवां, राजपुर और नासरीगंज थानों की पुलिस टीम को भी बुलाया गया।

# एसडीएम के जनता दरबार में 85 मामलों की हुई सुनवाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के तहत आज अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में परिवादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान कुल 85 मामले दर्ज किए गए जिनमें सबसे अधिक 59 आवेदन राशन कार्ड से संबंधित थे। इसके अलावा भूमि विवाद से जुड़े 10 मामले और 16 अन्य विविध प्रकृति की समस्याएं लोगों द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष रखी गईं। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने-हटाने, नया कार्ड बनवाने और अनाज वितरण में आ रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। वहीं भूमि विवाद के मामलों में मापी, दाखिल-खारिज और आपसी बंटवारे से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। अन्य मामलों में पेंशन, आवास योजना और प्रमाण-पत्र से जुड़े आवेदन शामिल थे। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से निदेशित किया। साथ ही आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनके मामलों का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान एक ही मंच पर करना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता दरबार में आए नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और इसे आम लोगों के लिए बेहद उपयोगी बताया।

# पति-पत्नी साथ रहकर करेंगे ड्यूटी, शाहाबाद प्रक्षेत्र में 33 पुलिसकर्मियों का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों–रोहतास, भोजपुर, बक्सर और कैमूर में तैनात 33 पुलिसकर्मियों एवं पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इस फैसले के बाद अब ये पुलिसकर्मी अपने पति या पत्नी के साथ एक ही जिले में रहकर ड्यूटी कर सकेंगे। प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश और उनकी अनुशंसा पर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के मानसिक तनाव को कम करना और उनके पारिवारिक जीवन को सुदृढ़ बनाना है। डीआईजी ने बताया कि स्थानांतरण के लिए सख्त नियम तय किए गए हैं। केवल उन्हीं कर्मियों को इस सुविधा का लाभ मिला है जिन्होंने अपनी वर्तमान तैनाती में कम से कम 5 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है। साथ ही किसी भी पुलिसकर्मी को उनके गृह जिले में पोस्टिंग नहीं दी गई है। पूरे सेवा काल में इस आधार पर अधिकतम दो बार ही तबादले की अनुमति होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी तबादले पुलिसकर्मियों के स्वयं के अनुरोध पर किए गए हैं, इसलिए सरकार की ओर से किसी प्रकार का यात्रा या स्थानांतरण भत्ता नहीं दिया जाएगा। इस निर्णय से सरकार पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। डीआईजी के अनुसार मुख्यालय ने निर्देश दिया है कि नए जिले में विरमित करने से पहले संबंधित कार्यालय प्रमुख सेवा पुस्तिका और अन्य अभिलेखों की गहन जांच करेंगे। यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो संबंधित तबादला तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाएगा और इसकी सूचना मुख्यालय को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 37 आवेदन तकनीकी कारणों से अस्वीकृत कर दिए गए। यह निर्णय पुलिस विभाग में कार्यरत दंपत्तियों के लिए राहत भरी खबर है जिससे वे अब अपने पारिवारिक जीवन और कर्तव्यों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित कर सकेंगे।

# आर.एस.के. पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर के छात्रों ने लहराया परचम






नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बस्तीपुर स्थित आर.एस.के. पब्लिक स्कूल का कक्षा 10वीं सीबीएसई (सत्र 2025-26) का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार कुल 201 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया जिसमें शत-प्रतिशत (100%) सफलता प्राप्त हुई। इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है। विषयवार प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। सामाजिक विज्ञान में 35 विद्यार्थियों, विज्ञान में 21 विद्यार्थियों तथा अंग्रेजी में 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की।

विद्यालय के मेधावी छात्रों में आयुष कुमार (90.20%), आरवी कुमारी (88.40%), करुणा राज (87.50%) एवं अंशुमान राज (85.90%) ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सबका ध्यान आकर्षित किया। इन छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन को देते हुए बताया कि स्कूल का अनुशासित एवं प्रेरणादायक वातावरण उनकी सफलता का मुख्य आधार रहा। नियमित टेस्ट, विशेष कक्षाएं और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उनकी तैयारी को मजबूत बनाया। विद्यार्थियों ने विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह एवं समस्त शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां प्राप्त शिक्षा और संस्कार उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेंगे। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।


झारखण्ड सरकार — GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्काघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से लू प्रभावित व्यक्ति को देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



इनका नियमित सेवन करें :-
- नमक-चीनी का घोल
- छाछ
- नींबू-पानी
- आम का शर्बत
- लस्सी
- तरबूज
- खरबूजा
- खीरा
- ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव
- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो, तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें

PR 377740 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27

NATIONAL HEALTH MISSION — राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

104 चिकित्सा सलाह — 24x7 Health Information Helpline
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया जैव विविधता पार्क का स्थल निरीक्षण

## गया में 60 हेक्टेयर में बन रहा जैव विविधता पार्क, जून तक पूरा होने की उम्मीद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गयाजी अंतर्गत कंडी क्षेत्र में निर्माणाधीन जैव विविधता पार्क का स्थल निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कुल 60 हेक्टेयर भूमि पर जैव विविधता पार्क विकसित किया जा रहा है जिसकी कुल लागत 19.87 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि पार्क में आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जा रहा है जिसमें आकर्षक प्रवेश प्लाजा, सुसज्जित पथ, तीन गुलाब उद्यान, दो डीलक्स शौचालय (जन सुविधा) सहित अन्य आवश्यक संरचनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी जून माह तक पार्क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा जिससे आम लोगों को एक सुंदर और पर्यावरण अनुकूल स्थल मिल सकेगा। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पार्क परिसर में लगभग 3000 पेड़ लगाए जाएंगे जिनमें एक-एक हजार नीम, पीपल और बरगद के पौधे शामिल होंगे। इसके अलावा पार्क में प्रकाश व्यवस्था और तालाब का भी निर्माण किया जा रहा है जिससे इसकी सुंदरता और उपयोगिता दोनों बढ़ेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने यह भी बताया कि पार्क के समीप लगभग 40 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पर चिड़ियाघर के निर्माण का प्रस्ताव है जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। निरीक्षण के दौरान शंभू यादव, राजनंदन गांधी, वसंत जी परमार, शिवनारायण चंद्रवंशी, राजेश मस्तान, पप्पू निलकर, समीर चटर्जी, राकेश कुमार, शिवा मांझी, गोपाल चंद्रवंशी, अनिल गुप्ता, पम्मी सिंह, सपना पटवा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मगध विश्वविद्यालय के छात्रों को मिलेगा चिकित्सा शिक्षा में बेहतर मार्गदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने कहा है कि विश्वविद्यालय के छात्रों को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अब और बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए समय-समय पर विशेषज्ञ शिक्षकों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही छात्रों को भी संबंधित संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण करने का अवसर मिलेगा। आज कुलपति कक्ष में गोल इंस्टीट्यूट के निदेशक विपिन कुमार सिंह ने कुलपति से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कुलपति ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. शाही ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक सहयोग से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ऐसे प्रयासों को आगे भी जारी रखेगा ताकि छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। वहीं, गोल इंस्टीट्यूट के निदेशक विपिन कुमार सिंह ने कहा कि उनका संस्थान मगध विश्वविद्यालय के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से छात्रों को विशेष लाभ प्राप्त होगा और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे।

# स्कूल निरीक्षण को लेकर विवाद, दोनों पक्षों ने थाना में दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय खजूरी में स्कूल निरीक्षण के दौरान विवाद का मामला सामने आया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने कोंच थाना में अलग-अलग आवेदन देकर एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के वादी राकेश कुमार गुप्ता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि 16 अप्रैल की सुबह विद्यालय निरीक्षण के दौरान निभा रानी के पति द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जानबूझकर विवाद उत्पन्न कर उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निरीक्षण के क्रम में एक शिक्षक कक्षा संचालन के दौरान छत पर कुर्सी लगाकर सोते हुए पाए गए। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से विशिष्ट शिक्षिका निभा रानी ने भी थाने में आवेदन देकर राकेश कुमार गुप्ता (पूर्व मुखिया) पर विद्यालय में आकर शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि राकेश कुमार गुप्ता विद्यालय पहुंचकर हंगामा, गाली-गलौज और हाथापाई करने लगे। इसी दौरान उनके पति वहां पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन राकेश कुमार गुप्ता उनसे भी उलझ गए और मारपीट करते हुए धमकी दी। इधर, दोनों पक्षों के आवेदन मिलने के बाद कोंच थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ. प्रेम कुमार ने किया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण

# गर्मी में मरीजों के लिए सुविधा बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गया जिला अतिथि गृह में बैठक करने के बाद गया स्थित अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया और बढ़ती गर्मी के मद्देनजर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में पेयजल, पंखे, कूलर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में डॉ. प्रेम कुमार ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भीषण गर्मी के इस दौर में मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शीतल पेयजल, पर्याप्त संख्या में पंखे और कूलर की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है और मरीजों की सेवा सर्वोपरि है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हीट वेव से निपटने के लिए की गई व्यवस्थाओं की उन्होंने सराहना की, वहीं निरीक्षण के दौरान कुछ मरीजों द्वारा साफ-सफाई और पंखों की व्यवस्था को लेकर जताई गई नाराजगी पर गंभीरता से संज्ञान लिया। इस पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि साफ-सफाई, दवा की उपलब्धता और चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही गर्मी के मौसम में संभावित बीमारियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां भी सुनिश्चित करने को कहा। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान पप्पू चंद्रवंशी, विकास कुमार, सूरज राणा, राजनंदन गांधी, सचिन ठाकुर, शिवा मांझी, वेद प्रकाश, उपेंद्र पासवान सहित योजना से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हाइवा की टक्कर से दो बिजली खंभे क्षतिग्रस्त, गांव में हादसे की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गुरारू (गया)।** गुरारू-रफीगंज मुख्य पथ पर स्थित डबूर गांव में अज्ञात हाइवा ने बिजली के दो अलग-अलग खंभों में टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों खंभे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए जिससे क्षेत्र में खतरे की स्थिति उत्पन्न हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता धनंजय कुमार ने बताया कि रामजी यादव के घर के सामने बिजली का तार जमीन पर गिरा जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई थी। स्थानीय लोगों में घटना के बाद दहशत का माहौल था। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर सुदामा यादव, कामेश्वर यादव, सूर्यदेव यादव, संजय यादव, भोला यादव सहित अन्य ग्रामीण पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से अविलंब क्षतिग्रस्त खंभों की मरम्मत कर आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। इस संबंध में कनीय अभियंता संजय चौधरी ने कहा कि घटना उपरांत पोल और तार को दुरुस्त कर बिजली बहाल कर दी गई है।

# प्रधान शिक्षक बनने पर दी गयी भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के मध्य विद्यालय, पहरा में एक दशक से शिक्षक के पद पर पदस्थापित उज्ज्वल कुमार पाठक का बीपीएससी द्वारा आयोजित प्रधान शिक्षक की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर लेने एवं गुरारू बाजार के बारा मोहल्ला स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में प्रधान शिक्षक के पद पर पदस्थापित होने की खुशी में मध्य विद्यालय, पहरा परिवार द्वारा विद्यालय प्रांगण में ही समारोह आयोजित कर उज्ज्वल पाठक को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि+2 विद्यालय, मंझार के प्राचार्य अखिलेश कुमार, समन्वयक रंजीत कुमार, शिक्षक नेता उपेन्द्र पाल, संतोष कुमार, कमलेश कुमार सिंह, रामविलास सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक जितेन्द्र यादव एवं मंच संचालन शिक्षिका साजिया शबनम एक प्रवीण सिंह ने किया।

# विवाहिता की हत्या मामले में पति समेत चार पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** संझौली थाना क्षेत्र के सुसाड़ी गांव में दहेज के लिए एक नवविवाहिता की हत्या कर शव गायब किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसे लेकर संझौली थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और पति समेत चार ससुरालियों को नामजद आरोपी बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवसागर थाना क्षेत्र के गरुड़ा निवासी निरंजन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी नंदनी कुमारी की शादी 25 नवंबर 2025 को सुसाड़ी निवासी राकेश कुमार से पूरे रीति-रिवाज के साथ की थी और उपहार स्वरूप करीब छह लाख रुपये नकद व सामान भी दिया था, लेकिन शादी के कुछ महीने बाद ही ससुराल पक्ष से एक पल्सर मोटरसाइकिल की मांग शुरू हो गई और मांग पूरी न होने पर नंदनी के साथ लगातार मारपीट व मानसिक प्रताड़ना की जाने लगी। निरंजन सिंह का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर चल रहे विवाद के बीच 11 अप्रैल 2026 को साजिश के तहत उनकी बेटी की हत्या कर दी गई जिसकी सूचना उन्हें किसी अन्य व्यक्ति से मिली। पीड़ित पिता के मुताबिक जब उन्होंने घटना की जानकारी के बाद ससुराल पक्ष से संपर्क किया तो पहले बेटी की तबीयत खराब होने और उसे अस्पताल ले जाने की बात कही गई, लेकिन जब वे बताए गए अस्पताल पहुंचे तो वहां नंदनी नहीं मिली और बाद में परिजनों ने उसकी मौत की बात कबूलते हुए शव दिखाने से इनकार कर दिया, साथ ही यह भी स्पष्ट नहीं किया कि शव कहां, कब और कैसे गायब हो गया। इस पूरे घटनाक्रम से आहत पिता ने संझौली थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई जिसके बाद पुलिस ने पति राकेश कुमार, ससुर अयोध्या सिंह, सास रीता देवी और ननद डॉली कुमारी के खिलाफ हत्या कर साक्ष्य छिपाने व शव गायब करने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर के भैया व बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के लगभग एक दर्जन डॉक्टर ने भाग लिया और जांच कर भैया बहनों को उचित निर्देश देते हुए विभिन्न प्रकार के दवा का भी वितरण किया गया। भैया बहनों के अभिभावकों को भी उनके बच्चे के बारे में बताया तथा समय पर उचित इलाज करने की सलाह दी। मेडिकल कॉलेज से उपस्थित होने वाले चिकित्सकों में डॉक्टर शाहिद इएनटी डिपार्टमेंट से कमलेश हरपाल एमबीबीएस डॉक्टर अदिति कुमारी गायनोलॉजिस्ट, अंजली कुमारी ग्यानोलाजिस्ट डिपार्टमेंट, डॉक्टर अंकुश प्रसाद आई डिपार्टमेंट, डॉक्टर महेंद्र आई डिपार्टमेंट, डॉ प्रियंका इएनटी पीजी, डॉ मयंक कुमार डेंटिस्ट, डॉ रीना कुमारी ऑपथल्मिक यशवीर कुमार ओपीडी अटेंडेंट, रविकांत कुमार नर्सरी डिपार्टमेंट, उमाशंकर कुमार वार्ड अटेंडेंट, ललन सिंह लैब टेक्नीशियन, सोनू कुमार फार्मासिस्ट मेडिसिन आदि डॉक्टर ने पूरे टीम के साथ विद्यालय में भाग लेकर सभी भैया बहनों का निरीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि विद्यालय के भैया बहन काफी उत्साह पूर्वक भाग लिए एवं शांतिपूर्वक अपने स्वास्थ्य परीक्षण कराये। यह मुझे बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों का सहयोग काफी मिला। पूरी व्यवस्थाएं एकदम चिकित्सक हॉल की तरह की गई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने सभी चिकित्सकों का स्वागत सम्मान किया तथा उन्हें विद्यालय में समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। अंत में डॉक्टरों ने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि मुझे दोबारा मौका मिला तो मैं पुनः यहां आना चाहूंगा।

# दो शिक्षकों के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखण्ड क्षेत्र के दो शिक्षकों की निधन की खबर से क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। अलग-अलग गम्भीर बीमारी से दोनों शिक्षकों का निधन पटना के निजी अस्पताल में हुआ। सुधीर का इलाज पटना के एम्स अस्पताल में चल रहा था। शुक्रवार की दोपहर इलाज के दौरान सुधीर ने अंतिम सांस ली।

## अदालती सूचना

न्यायालय में,
अवर न्यायाधीश, षष्टम
औरंगाबाद (बिहार)
हकियत वाद संख्या 290/2025.
622/2025
सरवरी खातुन--------------वादिनी
बनाम्
अख्तर अंसारी वगैरह------प्रतिवादीगण
**नोटिस**
**बनाम्**
अख्तर अंसारी, मोख्तार अंसारी, इम्तेयाज अंसारी, मुमताज अंसारी, सभी पिता स्व. अब्दुल शकुर अंसारी, नेयाजुद्दीन अंसारी पिता स्व. कुर्बान अंसारी, कयूम अंसारी पिता स्व. नथुनी मियां, सभी निवासी ग्राम शिवराजपुर, पोस्ट-नवीनगर, थाना-नवीनगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार)
चूं वजरिये नोटिस आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादिनी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद दायर की है जिसमें आपलोगों को न्यायालय एवं डाक के माध्यम से सम्मन भेजा गया है, परंतु आपलोग उक्त वाद में उपस्थित नहीं हुए हैं। अतः इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15-05-26 को प्रातः 10.30 बजे आपलोग स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त वाद में उपस्थित होकर उचित पैरवी करें, अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध उक्त वाद में एकपक्षीय कार्रवाई की जायेगी।
इसे ताकीद जानें।
**अवर न्यायाधीश, षष्टम्**
**औरंगाबाद (बिहार)**

# अम्बेदकर जयंती पर चटनी बिगहा गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम

## डॉ अम्बेडकर की जीवनी से लें सीख : मैकू राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के चटनी बिगहा गांव में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आदर्श रविदास नवयुवक संघ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी एवं पूर्व जिला पार्षद अमन कुमार उर्फ दास जी, चन्दनपुरा पंचायत के मुखियापति विनोद राम एवं हाई स्कूल तिलौथू के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ मैकू राम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उसके बाद बाबा साहब के तैल चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर दास जी ने अपने सम्बोधन में बाबा साहब जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ अम्बेडकर एक गरीब परिवार से उठकर शिक्षा के बदौलत ही हमारे देश के संविधान का निर्माण किया। इसलिए उनके जीवनी से सिख लेना चाहिए और अपने जीवन को शिक्षा के माध्यम से प्रकाशित करना चाहिए। उसके बाद मुखियापति विनोद राम ने भी कहा कि बाबा साहब का जीवन बहुत ही कष्टदायक था बावजूद इसके उन्होंने सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए एक दिन हमारे देश के संविधान का निर्माण किए। अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ. मैकू राम ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी समाज का कोई भी व्यक्ति शिक्षा के बदौलत अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। उन्होंने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा एक गरीब परिवार से निकला बच्चा एक देश के संविधान निर्माता बन जायेगा ये कोई भी नहीं सोच सकता था, लेकिन बाबा साहब ने ऐसा करके दिखाए। यह उस समय की बात है जब जात-पात, छुआछूत और समाज में कई तरह की समस्याएं थी जिसको उन्होंने चुनौती नहीं बल्कि उसको अपनी ताकत बनाया और फिर आगे बढ़ते गए। इतना ही नहीं वे 32 डिग्रियां, 9 भाषाओं के जानकार थे।

# पशु बांझपन निवारण शिविर रविवार को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गया)।** जिला पशुपालन कार्यालय, गया के तत्वावधान में मां तारा नगरी केसपा ग्राम स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय परिसर में रविवार (19 अप्रैल) को सुबह 8 बजे से पशु बांझपन निवारण शिविर एवं पशुपालक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार राय, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सहित कई पशु चिकित्सक एवं विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। शिविर के दौरान पशुओं में बांझपन की समस्या के निदान के साथ-साथ उनके समुचित उपचार एवं देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी पशुपालकों को दी जाएगी।

ग्रामीण हिमांशु शेखर ने क्षेत्र के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं के साथ शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लें और इस कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# व्यावसायिक खेती से प्रतिमाह 70 हजार की आय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखंड क्षेत्र के डबुर गांव के एक साधारण किसान विनित कुमार रंजन पिता स्वर्गीय भोला सिंह पिछले कई सालों से कृषि के क्षेत्र में किसानों एवं पदाधिकारियों के बीच चर्चा के केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं। इसी क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार ने बुधवार को डबुर गांव में किसान विनित रंजन के द्वारा किए जा रहे पारंपरिक खेती को छोड़ व्यवसायिक खेती का निरीक्षण किया और विनित कुमार रंजन के मनोबल को बुस्ट अप किया। इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि किसान विनित कुमार द्वारा एक एकड़ में केला की खेती, एक एकड़ में गेंदा फूल की खेती, दो एकड़ में तरबूजा/खरबुजा की खेती, स्वीट कार्न, मशरूम की खेती की गई है। इन्हें समय आने पर वेस्ट किसान से पुरस्कृत किया जाएगा। इनके मेहनत और लगन को देख कर मन प्रफुल्लित हो गया। विभाग द्वारा समय-समय पर इन्हें बीज एवं अनुदान उपलब्ध कराया गया है। मैं किसानों से कहना चाहता हूं कि व्यवसायिक खेती की ओर अग्रसर हों। इसमें काफी संभावनाएं छिपी हुई हैं। सरकार हमेशा मदद को तैयार है। बजट आने पर जिला क्षेत्र के अन्य किसानों को आत्मा के माध्यम से इनसे गुर सिखने के लिए भेजा जाएगा। वहीं किसान विनित कुमार ने बताया कि मुझे इस तरह के व्यवसायिक खेती से प्रति माह सत्तर से अस्सी हजार रुपए की आमदनी हो जाती है। व्यवसायी खेतों से ही कृषि उत्पादनों का उठाव कर लेते हैं। मुझे रोजी-रोजगार के लिए

## शपथ पत्र

मैं मंजू सिंह पति- स्व. मनोज कुमार सिंह, ग्राम + पो.- रेगनिया, थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद (बिहार)। शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे पति मनोज कुमार सिंह के नाम से LIC में दो पॉलिसी लिया गया था जिसका पॉलिसी सं.- 513906640 एवं 516464622 है जिसमें नॉमनी में मेरा पुकारू नाम गीता देवी दर्ज हो गया है। मेरा आधार सं.- 2661 1300 5916 में पैन कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम मंजू सिंह दर्ज है जो कि दोनों नाम गीता देवी एवं मंजू देवी ये दोनों नाम मेरा ही है मैं दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हूं। इस दोनों नाम की महिला मेरे गांव में मेरे अलावे अन्य कोई दूसरी नहीं है। शपथ पत्र के आलोक में मेरे पति के उक्त LIC के दोनों पॉलिसी का पैसा का भुगतान मुझे किया जाय इसी आशय का शपथ पत्र बना रहा हूं। मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 2459 दिनांक 17.03.26

**शपथकर्ता**
**मंजू सिंह**


## पूर्वोत्तर रेलवे

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-AUCTION) किया जाना है। **ऑक्शन कैटलॉग नम्बर BSB04PAYnUSE26. कार्य का विवरणः** बेल्थरा रोड स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय का ठेका; **ई नीलामी का समयः** 10:00 बजे से 10:30 बजे तक; **कार्य का विवरणः** करीमुद्दीन स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय का ठेका; **ई नीलामी का समयः** 10:00 बजे से 10:40 बजे तक; **कार्य का विवरणः** छपरा जं. स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय का ठेका; **ई नीलामी का समयः** 10:00 बजे से 10:50 बजे तक; **कार्य का विवरणः** सीवान जं. स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय का ठेका; **ई नीलामी का समयः** 10:00 बजे से 11:00 बजे तक। **अवधिः** उपरोक्त सभी के लिए **03 वर्ष। ई–नीलामी की तिथिः** उपरोक्त सभी के लिए **01.05.2026.** • ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ₹10,000/– (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) में करेंट खाता हो, जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल **www.ireps.gov.in** के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,**
**मुजाधि/वाणिज्य–13 वाराणसी**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



## जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा
## राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण

**आयोजन कर रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत**
**शनिवार, 9 मई 2026**
**सभी प्रकार के दीवानी और आपराधिक समझौता योग्य मामलों के सौहादपूर्ण समाधान के लिए**
**सुबह 07:30 बजे से 12:30 तक**
**स्थान : व्यवहार न्यायालय गढ़वा**

लोक अदालत के माध्यम से शीघ्र निपटारा एवं सौहार्द पूर्ण समाधान होता है और भुगतान की गई अदालती फिस की वापसी सुनिश्चित होती है। लोक अदालत में पारित अवार्ड विवाद के सभी पक्षों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होता है और इस अवार्ड के खिलाफ किसी भी अदालत में अपील नहीं

**लोक अदालतों में निम्नलिखित श्रेणियों के मामलों को लिया जाएगा।**

**न्यायालय में लंबित मामले**
- चेक बाउंस से संबंधित वाद
- सुलहनीय प्रकृति के फौजदारी मामले
- विद्युत अधिनियम के वाद
- पारिवारिक वाद
- राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, उपभोक्ता संरक्षण फोरम एवं सर्टिफिकेट केस के लंबित मामले
- अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद
- श्रम वाद एवं न्यूनतम मजदूरी वाद
- रेलवे न्यायालय में लंबित मामले
- छोटे आपराधिक वाद(माप–तौल, वन विभाग,ट्रैफिक चालान के मामले)

**प्री–लिटिगेशन मामले**
- बैंक ऋण के मामले
- नन बैंकिंग फाइनेस कंपनी के मामले
- वाटर एवं होल्डिंग टैक्स के मामले बिजली से संबंधित मामले
- बीमा कंपनी के दावों से संबंधित मामले
- श्रम न्यायालय के मामले
- भूमि अधिग्रहण के मामले
- मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा के मामले
- पारिवारिक विवाद के मामले
- सर्विस से संबंधि तमामले
- एवं अन्य सभी प्रकार के प्री–लिटिगेशन मामले

**श्री अमन कुमार**
**पुलिस अधिक्षक सह सदस्य**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**

**श्री दिनेश कुमार यादव**
**उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा**

**श्री मनोज प्रसाद**
**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा**

**अधिक जानकारी हेतू संपर्क करें:– जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय गढ़वा**

कार्यालय दूरभाषा: 6561456788
E-mail:-garhwadlsa@gmail.com

**निवेदक**
**सचिव**
**निभा रंजना लकड़ा**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा**

PR 377727 (Law)26-27*D

संपादकीय

# नीतीश युग खत्म सम्राट युग शुरू

बिहार में बहुप्रतीक्षित भाजपा के सम्राट युग की शुरूआत हो चुकी है। राज्य के 20 साल तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार अब दिल्ली में राज्य सभा के सदस्य के रूप में अपनी बची खुची राजनीति करेंगे, जबकि बिहार की कमान अब अति पिछड़ी कोइरी जाति से आने वाले सम्राट चौधरी के हाथ आ गई है। सम्राट को सोमवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। मंगलवार को उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ तय फार्मूले के मुताबिक जेडीयू के दो विधायकों विजय चौधरी और विजेन्द्र यादव ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सम्राट चौधरी पहले राजद में रह चुके हैं। वो खांटी आरएसएस के नहीं है। फिर भी उनका चुनाव नीतीश की सहमति से किया गया है, क्योंकि वो अति पिछड़ी कोइरी कुशवाहा समुदाय से आते हैं। कहा जा रहा है कि नई सरकार को नीतीश कुमार का आशीर्वाद प्राप्त है। सम्राट मंत्रिमंडल का विस्तार बाद में होगा। क्योंकि इसमें एनडीए के सभी सदस्यों को प्रतिनिधित्व देना होगा। इसको लेकर दलों में आपसी खींचतान भी दिखाई दे सकती है। बहरहाल सम्राट के रूप भें भाजपा ने बिहार में ईबीसी का दांव खेला है, पार्टी को उम्मीद है कि इसका लाभ भाजपा को पड़ोसी उत्तर प्रदेश में भी मिलेगा, जहां कोईरी कुशवाह जाति के लोग काफी संख्या में हैं। पद संभालते ही सम्राट चौधरी ने भी कहा कि वो नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम करेंगे और उसे आगे बढ़ाते रहेंगे। लेकिन यह शुरूआती गलबहियां हैं। अब बिहार की सरकार दिल्ली के इशारे पर चलेगी। क्योंकि सम्राट दिल्ली की भी पसंद है।सम्राट चौधरी बीजेपी के ऐसे नेताओं में से हैं जो आरएसएस की पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं। उनके पिता शकुनी चौधरी खुद समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वो कभी नीतीश को कभी लालू प्रसाद यादव के करीबी रहे। शकुनि चौधरी खुद भी विधायक और सांसद रहे हैं। उनके बेटे सम्राट चौधरी का प्रवेश सक्रिय राजनीति में 1990 में हुआ। 1995 में उन्हें एक राजनीतिक मामले में 89 दिन के लिए जेल जाना पड़ा था। जबकि शकुनी चौधरी ने साल 1999 में बिहार में राबड़ी देवी की सरकार का साथ दिया था, हालाँकि वो खुद उस वक्त सांसद थे। 2000 के विधानसभा चुनाव में सम्राट चौधरी परबत्ता विधानसभा सीट से आरजेडी के टिकट पर चुनाव जीते थे। साल 2014 में तत्कालीन जीतनराम मांझी सरकार में वो नगर विकास विभाग के मंत्री बनाए गए थे। मई 2014 में सम्राट चौधरी ने आरजेडी से इस्तीफ़ा दिया और जेडीयू में शामिल हो गए। साल 2015 में बिहार में पहली बार महागठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा था। लेकिन उस वक्त जेडीयू के रामानंद प्रसाद सिंह को परबत्ता सीट से टिकट दिया था और वो जीत गए थे।

साल 2017 में सम्राट चौधरी ने जेडीयू से भी इस्तीफा दे दिया और बीजेपी में शामिल हो गए। मार्च 2023 में सम्राट चौधरी को बिहार बीजेपी का अध्यक्ष बनाया गया। 2024 की शुरुआत में नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होकर फिर से बीजेपी के साथ सरकार बनाई तो सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री बनाए गए। 2025 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी-जेडीयू गठबंधन की जीत के बाद फिर से सम्राट चौधरी ने राज्य के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सम्राट के सामने बिहार को आगे ले जाने की बड़ी चुनौतियां हैं। क्योंकि विकास के सूचकांक भी बिहार अब भी देश के सबसे पिछड़े राज्यों में है। विकास के साथ सुशासन और रोजगार भी प्रमुख मुद्दा है, जिस पर सम्राट चौधरी को रिजल्ट देना होगा। उधर नीतीश के जाने के बाद उनकी पार्टी जदयू का भविष्य अब अधर में है। आश्चर्य नहीं कि पार्टी भाजपा में विलीन हो जाए।

# जनगणना में जरूरी प्रवासी मजदूर

**चुनावी लोकतंत्र में वोट इतना बड़ा है कि आसानी से कल्पना नहीं होती, हालांकि इसी वोट को संदेहास्पद बनाने का जतन भी हो रहा है। कल्पना कीजिए, अगर यह अधिकार न होता तो इन मजदूरों की सुध लेने का होश किस नेता और अधिकारी को रहता। वर्षों पहले राजीव गांधी की सरकार ने एक 'अंतर राज्य प्रवासी मजदूर कानून' बनाकर कुछ चीजें व्यवस्थित करने का प्रयास किया था। वह बात जाने कहां पीछे छूट गई है। इसमें अपने प्रांत से बाहर जाने वाले मजदूरों के पंजीकरण की बात थी। अगर सही संख्या सामने आ जाए तो कोई भी सरकार और नेता इनकी उपेक्षा करने का साहस नहीं कर सकता। करोना की तालाबंदी में इन लाखों मजदूरों की जो दुर्गति हुई थी, वह भी थमती। इस लेख का प्रयोजन चुनाव और मजदूरों की आवाजाही बढ़ाने या तकलीफों को बताने का नहीं है। हम जानते हैं कि लंबे इंतजार और सात-आठ साल की देरी से अभी जनगणना का काम शुरू हुआ है।**

**अरविन्द मोहन**



इस बार के चुनाव में भी मजदूरों के पलायन का सवाल आ ही गया। कैसा भी चुनाव हो, विकसित राज्य का हो या पिछड़े राज्य का, पलायन और प्रवासी मजदूर मुद्दा बन ही जाते हैं। पिछड़ा बिहार हो या विकसित पंजाब, यह मुद्दा है। दिल्ली में तो प्रवासियों का वोट निर्णायक ही माना जाने लगा है। इस बार चुनाव न बिहार में है, न पंजाब में और न दिल्ली में। केरल में चुनाव है तो वह भी खाली होने लगा है। प्रवासी मजदूर सिर्फ रसोई गैस की तंगी से ही नहीं, वोट देने के लिए भी अपने देस बंगाल और असम लौट रहे हैं। तमिलनाडु में बहुत बिहारी मजदूर हैं तो उनका लौटना खास चर्चा में नहीं है क्योंकि अभी वे वहां के वोटर नहीं हैं।

केरल में आर्थिक जीवन ही नहीं, हर तरफ प्रवासी बिहारी, झारखंडी, बंगाली और असमिया या ओडिया मजदूरों का 'राज' है। उनके हिसाब से सस्ते होटलों का खाना बनता है, सिनेमा दिखाया जाता है, बसों पर हिन्दी और बांग्ला में तख्तियां लगाकर उनके आने-जाने के स्थान की सूचना दी जाती है, कमरों का किराया तय होता है। उनके बंगाल और असल लौटने की वजह मतदाता सूचियों का बृहद संशोधन और उस नाम पर लोगों के नाम काटने-जोड़ने का खेल भी एक वजह है। कई तो अपने अपूर्ण या विवादित दस्तावेज की गवाही के लिए पहले आ गए हैं, लेकिन ज्यादातर को लगता है कि वोट गिराने से उनकी नागरिकता पुख्ता होगी। इस बार प्रवासी मतदाताओं की उस तरह लल्लो-चप्पो नहीं हो रही है जैसा अक्सर बिहार, दिल्ली या फिर पंजाब चुनाव में दिखाई देता है। अब तो मुंबई और सूरत वगैरह में भी चुनाव के समय प्रवासियों की आवाजाही और वोट का सवाल प्रमुख बनता है। पार्टियां खास तौर से उन राज्यों के नेताओं को जिम्मा सौंपती हैं। मोटा फंड़ भी दिया जाने लगा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लोग भी पेड़-लीव और रिटर्न प्लेन टिकट के साथ भेजे जाते हैं। मजदूरों को साड़ी-बिंदी समेत छुट्टी के साथ घर भेजा जाता है। पिछले बिहार चुनाव में दिल्ली और हरियाणा से स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई गईं और मजदूरों को मुफ़्त लाया, ले जाया गया। भाजपा ने यह काम किया तो विपक्ष को इसे मुद्दा बनाने का मौका मिला। इस बार न पक्ष सक्रिय है, न विपक्ष। सारा जतन प्रवासियों को खुद करना है। हां, इतना जरूर हुआ है कि बार-बार दिखने वाली दुर्दशा के चलते इस बार मीडिया, खासकर सोशल मीडिया में मजदूरों की घर-वापसी एक मुद्दा बनकर सामने आई है। इसमें मुख्य मसला रसोई गैस के संकट का है, पर किसी बहाने अगर समाज को इनकी सुध आने लगी है तो यह शुभ लक्षण है।

बीते वर्षों से इन अभागे मजदूरों के हिस्से जो ज़लालत और परेशानी की जिंदगी रही है, उसमें ऐसे मौके-कुमौके की चर्चा से ज्यादा बदलाव नहीं आना है। उससे न तो अमीर और गरीब इलाकों के विकास का क्रम उलटेगा और न इस फासले से पैदा होने वाले पलायन के हालात। हमारा विकास ऐसे ही आड़ा-तिरछा बढ़ता रहा है और उसी क्रम में मजदूरों का पलायन भी। समाजवादी इस क्रम को इंटरनल कालोनी वाले तर्क से समझाने की कोशिश करते थे। चुनाव के वक्त नेताओं और भाग्य-विधाताओं को इन मजदूरों की याद इसलिए आती है, क्योंकि इनका वोट है।

चुनावी लोकतंत्र में वोट इतना बड़ा है कि आसानी से कल्पना नहीं होती, हालांकि इसी वोट को संदेहास्पद बनाने का जतन भी हो रहा है। कल्पना कीजिए, अगर यह अधिकार न होता तो इन मजदूरों की सुध लेने का होश किस नेता और अधिकारी को रहता। वर्षो पहले राजीव गांधी की सरकार ने एक 'अंतर राज्य प्रवासी मजदूर कानून' बनाकर कुछ चीजें व्यवस्थित करने का प्रयास किया था। वह बात जाने कहां पीछे छूट गई है। इसमें अपने प्रांत से बाहर जाने वाले मजदूरों के पंजीकरण की बात थी। अगर सही संख्या सामने आ जाए तो कोई भी सरकार और नेता इनकी उपेक्षा करने का साहस नहीं कर सकता। करोना की तालाबंदी में इन लाखों मजदूरों की जो दुर्गति हुई थी, वह भी थमती। इस लेख का प्रयोजन चुनाव और मजदूरों की आवाजाही बढ़ाने या तकलीफों को बताने का नहीं है। हम जानते हैं कि लंबे इंतजार और सात-आठ साल की देरी से अभी जनगणना का काम शुरू हुआ है। घर गिनती से शुरुआत हुई है। अभी तक अपने यहां मजदूरों के पलायन का कोई ढंग का या अधिकृत आंकड़ा नहीं है। जब घर-घर जाकर सबको गिनने का क्रम चल रहा है तो इस श्रेणी को भी पर्याप्त महत्व देकर अलग स्थान दिया जाए। यह काम किसी 'आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेंस' से नहीं होगा, घर-घर जाकर ही होगा। अपने यहां जनगणना लगातार दस साल पर हुई है, सिर्फ इसी बार क्रम तोड़ा गया है।

उन कारणों में न भी जाएं और मोदी सरकार को आंकड़ों से डरने वाला न भी बताएं, तो यह कहना जरूरी है कि जब पचीसों पैमाने वाले आँकड़े जुटाए जा रहे हैं तो यह आंकड़ा भी जुटाया जाए, मजदूरों से संबंधित आँकड़े भी लिए जाएं। इन दो मामलों में काफी घालमेल है। मजदूरों के आंकड़ों में 'नेशनल सैंपल सर्वे' और जनगणना के आंकड़ों में भारी अंतर है और सरकार भी 'पीएफ' के खातों की संख्या देखकर मजदूरों की संख्या बताने का हास्यास्पद प्रयास करती है। प्रवासी मजदूरों के मामले में तो पूरा डिब्बा गोल है। सिर्फ अटकलों के आधार पर और वोट देखकर इनकी संख्या के बारे में अंदाजा लगाया जाता है।

संख्या जाने बगैर आर्थिक योजनाओं में प्रवासियों को उचित या अनुचित स्थान या महत्व की बात कैसे सोची जा सकती है? उनके मरने और जन्म लेने वालों तक के आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं। उनकी कमाई को वापस घर तक पहुंचाना आज के युग में भी इतनी नाटकीयता और लूट से भरा है कि उस पर पूरा ग्रंथ लिखा जा सकता है। न्यूनतम मजदूरी कानून से लेकर परदेश की जमीन और भाषा से भिन्न इलाके के जीवन में क्या कुछ मुश्किलें आती हैं, उनका हिसाब लगाना मुश्किल है। इस बीच हम ये किस्से भी चटखारे लेकर छापते हैं कि केरल में मलयालम की परीक्षा में एक बिहारी मजदूर की बेटी टाप करती है। सिर्फ प्रवासी बन जाने से वहाँ रहना, खाना, पहनना, ओढ़ना से लेकर पढ़ाई तक का काम कितना मुश्किल हो गया है इसकी कल्पना मुश्किल है। लोकतंत्र है तो संख्या और अब यह दूसरी ताकत भी तभी हासिल होगी जब पहला काम हो जाएगा। इसलिए इस जनगणना में प्रवासी मजदूरों की गिनती जरूर होनी चाहिए। लोकतान्त्रिक शासन हो तो संगठित जमातों की 'बारगेनिंग पावर' को नजरअंदाज करना मुश्किल होता है। (सप्रेस)

अध्यात्म

## सच्चा प्रेम और सच्ची भक्ति दोनों ही निस्वार्थ होने चाहिए



एक लोक कथा है। एक संत अपने शिष्यों के साथ गांव-गांव घूमकर लोगों को धर्म-कर्म करने के लिए प्रेरित करते थे। उनका जीवन सरल था और उनका उद्देश्य केवल इतना था कि लोग जीवन में सच्चाई, प्रेम और भक्ति को अपनाएं। एक दिन संत शिष्यों के साथ एक छोटे से गांव में पहुंचे और वहीं कुछ दिनों के लिए ठहर गए। संत के भक्तों ने उनके लिए एक छोटी-सी कुटिया बना दी, जो संयोग से गांव की एक ग्वालिन के घर के सामने ही थी। ग्वालिन अपनी ईमानदारी के लिए पूरे गांव में प्रसिद्ध थी। वह हर ग्राहक को दूध और घी पूरी ईमानदारी से तोलकर देती थी। कोई भी ग्राहक उसके व्यवहार से असंतुष्ट नहीं था, लेकिन संत ने एक अजीब बात देखी, जब भी गांव का एक विशेष युवक उसके पास आता, तो वह उसे बिना तोले ही दूध और घी दे देती थी। संत को यह देखकर आश्चर्य हुआ। उन्होंने सोचा कि जो स्त्री सभी के साथ इतना न्याय करती है, वह इस युवक के साथ ऐसा अलग व्यवहार क्यों कर रही है? उन्होंने गांववालों से इस बारे में पूछा। तब उन्हें पता चला कि ग्वालिन उस युवक से प्रेम करती है। इसी कारण वह उसके साथ किसी प्रकार का हिसाब-किताब नहीं रखती। उसके लिए वह लेन-देन नहीं, बल्कि भावनाओं का संबंध था। संत ने यह बात अपने शिष्यों को भी बताई और इस घटना से जीवन प्रबंधन का महत्वपूर्ण सूत्र भी समझाया। उन्होंने कहा, 'देखो, यह साधारण ग्वालिन अपने प्रेम में कोई हिसाब नहीं रखती। वह नाप-तोल भूल जाती है, क्योंकि उसके लिए प्रेम अधिक महत्वपूर्ण है। उसी तरह हमें भी भगवान से प्रेम करते समय किसी प्रकार का हिसाब-किताब नहीं रखना चाहिए। यदि हम हर भक्ति के बदले कुछ पाने की अपेक्षा करेंगे, तो वह सच्ची भक्ति नहीं होगी।' संत के ये शब्द शिष्यों के मन में गहराई तक उतर गए। उन्हें समझ आ गया कि सच्चा प्रेम और सच्ची भक्ति दोनों ही निस्वार्थ होते हैं। जहां स्वार्थ और अपेक्षा आ जाती है, वहां प्रेम की पवित्रता कम हो जाती है।

# तरबूज-ख़रबूज़ को खा गए बांध व अवैध रेत खनन

**भारत की नदियाँ केवल जल का स्रोत नहीं रही हैं, बल्कि उन्होंने सभ्यता, संस्कृति और कृषि को भी आकार दिया है। मध्य भारत की जीवनरेखा मानी जाने वाली नर्मदा नदी के किनारे कभी तरबूज और खरबूज की खेती बड़े पैमाने पर की जाती थी। यह खेती न केवल किसानों की आय का महत्वपूर्ण साधन थी, बल्कि स्थानीय परंपराओं और खान-पान का भी अभिन्न हिस्सा थी। आज यह खेती धीरे-धीरे विलुप्ति की ओर बढ़ चुकी होकर विलुप्त होने की कगार पर है। नर्मदा के तटों पर रेतिली भूमि पाई जाती है, जो तरबूज और खरबूज की खेती के लिए अत्यंत उपयुक्त मानी जाती है।**

**राजेन्द्र जोशी**

नर्मदा नदी पर बने बांधों से न केवल सभ्यता संस्कृति प्रभावित हुई है ,बल्कि किसानों की बेशक़ीमती खेती की ज़मीन भी डूब में गई है तो घर परिवार आँगन भी छिन लिया साथ साथ ही मछुआरों की आजीविका तो दूसरी ओर ख़रबूज़ तरबूज़ की खेती को निमाड़ के क्षेत्र के साथ महाकौशल के क्षेत्र को भी लील लिया है ,परम्परागत रूप से नदी की रेत पर होने वाली यह खेती नदी की बाढ़ से नहीं बांधों के बेक वॉटर से प्रभावित हुई है, तो बचे रकबे को अवैध रेत खनन ने निगल लिया,जिसके चलते कहार माँझी समाज के सैकड़ों परिवारों पर आजीविका का संकट बरसों पहले आ गया लेकिन सरकारों ने आज तक उनकी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की,जबकि नदी संरक्षण के नाम पर कई सालों से बड़ी राशि खर्च की जा रही है।

मप्र की जीवनदायनी मानी जाने वाली नर्मदा नदी के दोनों किनारों के कई ग्रामों के साथ अनूपपुर से लगाकर आलिराजपुर तक पंद्रह ज़िले शामिल हैं,इन ज़िलों में परंपरागत रूप से माँझी कहार समाज के लोग ख़रबूज़ तरबूज़ की खेती पीढ़ी दर पीढ़ी करते आ रहे थे साथ ही मत्स्याखेट भी उनकी पुश्तैनी आजीविका रही है,बांधों के बनने के बाद से नर्मदा नदी के किनारे होने वाली ख़रबूज़ तरबूज़ की खेती धीरे-धीरे पूर्वी और पश्चिमी निमाड़ में पूरी तरह लुप्त हो गई है कहार माँझी समाज की युवा पीढ़ी ने तो अपने परम्परागत व्यवसाय को देखा भी नहीं होगा।

भारत की नदियाँ केवल जल का स्रोत नहीं रही हैं, बल्कि उन्होंने सभ्यता, संस्कृति और कृषि को भी आकार दिया है। मध्य भारत की जीवनरेखा मानी जाने वाली नर्मदा नदी के किनारे कभी तरबूज और खरबूजे की खेती बड़े पैमाने पर की जाती थी। यह खेती न केवल किसानों की आय का महत्वपूर्ण साधन थी, बल्कि स्थानीय परंपराओं और खान-पान का भी अभिन्न हिस्सा थी। आज यह खेती धीरे-धीरे विलुप्ति की ओर बढ़ चुकी होकर विलुप्त होने की कगार पर है। नर्मदा के तटों पर रेतिली भूमि पाई जाती है, जो तरबूज और खरबूजे की खेती के लिए अत्यंत उपयुक्त मानी जाती है।

कुछ साल पहले तक कहार माँझी समाजजन नर्मदा नदी के किनारे की इस उपजाऊ रेत में बिना किसी रासायनिक उर्वरक के प्राकृतिक तरीके से खेती करते थे। यह खेती पूरी तरह मौसमी होती थी और मार्च से जून के बीच इन फलों की भरपूर पैदावार होती थी।अपने अनुभव और पारंपरिक ज्ञान के आधार पर बीज बोते थे। नर्मदा का जलस्तर जैसे-जैसे घटता, वैसे-वैसे नई भूमि खेती के लिए उपलब्ध होती जाती।

यह प्रक्रिया प्राकृतिक चक्र के अनुरूप थी और इसमें पर्यावरण का कोई नुकसान नहीं होता था।तरबूज और खरबूजे की खेती से को अच्छा लाभ मिलता था। स्थानीय बाजारों में इन फलों की मांग अधिक रहती थी, जिससे इन्हें स्थिर आय प्राप्त होती थी। इसके अलावा, यह खेती ग्रामीण रोजगार का भी एक बड़ा स्रोत थी।



नर्मदा नदी पर बरगी से लगाकर सरदार सरोवर तक बने बांधो के चलते कई ज़िलों में नर्मदा नदी के बेकवॉटर के कारण नदी तट छ माह से लगाकर आठ माह तक जलमग्न रहते है साथ ही साथ अनेक नदी तट परो अवैध रेत खनन के चलते ये किनारे परम्परागत खेती के अनुकूल नहीं रह गये जिसके चलते कहार माँझी समाजजनों ने परम्परागत खेती को छोड़ दिया है मात्र कुछ साधन सम्पन्न समाज जन जिनके पास खेती की ज़मीन थी वे नदी किनारों को छोड़कर खेतों में इसका उत्पादन कर रहे है,वहीं दूसरी ओर इनके पारम्परिक मत्स्याखेट के व्यवसाय भी प्रभावित हुए है ,नर्मदापुरम (होशंगाबाद) ज़िले सहित अन्य ज़िले में मत्स्याखेट के लिये नीलामी कर देने से अब व्यापारियों का दबदबा मत्स्याखेट में बढ़ गया है,वे व्यवसायिक मछुआरों को मानदेय के आधार पर लाकर मत्स्याखेट कर रहे है जिसके चलते स्थानीय मछुआरे की आजीविका पर संकट आ गया है। नरसिंहपुर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता अमर नोरिया के अनुसार महाकोशल क्षेत्र मे जबलपुर तक परंपरागत तरबूज खरबूज की खेती हमारे पूर्वज करते थे,लेकिन कई सालो से बरगी बांध व अवैध रेत खनन ने हमारी आजीविका को छीन लिया है,वहीं बड़वानी जिले के नर्मदा किनारे बिजासन के रहने वाले जितेंद्र मांझी बताते हैं आठ से दस माह तक नर्मदा के किनारे बेकवॉटर मे रहते तो परंपरागत खेती हमारे लिए संभव नहीं रह गई है।

कहार मछुआरा समाज के द्वारा अपनी माँगों को लेकर अनेकों बार धरना प्रदर्शन किए लेकिन उन्हें आश्वासनों के सिवा कुछ भी नहीं मिला, जहां सरकार ने स्थानीय मछुआरों को ज़िले के तालाबों में मछली पालन में प्राथमिकता देने की बात कही थी वह भी पूरी नहीं हुई,दूसरी ओर बजरी माफिया दिन दुगनी रात चौगुनी मेहनत कर नर्मदा के किनारे व तल की सफाई (खुदाई) कर रहे अपने राजनीतिक आकाओं की मदद से।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
किसी दोस्त की एक बात मन को थोड़ी चुभ सकती है। बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं तो माता-पिता की सलाह आपके लिए शुभ साबित होगी।

**वृषभ**
आज आपका दिन चमकने वाला है, खासकर सामाजिक क्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और कोई नई पहचान या पद आपको मिल सकता है।

**मिथुन**
आज कार्यक्षेत्र में कोई आपको भटकाने की कोशिश कर सकता है, इसलिए आंखें खुली रखें। पिताजी की कोई बात दिल को लग सकती है।

**कर्क**
आज का दिन खुशियों और हल्की जिम्मेदारियों का मेल लेकर आया है। परिवार में किसी की शादी तय होने की खबर माहौल को उत्सव में बदल देगी।

**सिंह**
आज दिन भागदौड़ से भरा रहेगा, जैसे हर काम आपको एक साथ पुकार रहा हो। थोड़ी बेचैनी और जल्दबाजी आपको परेशान कर सकती है।

**कन्या**
आज आपका दिन हल्का-फुल्का और आनंद से भरा रहेगा, लेकिन अंदर ही अंदर आप खुद को बेहतर बनाने की कोशिश भी करेंगे।

**तुला**
छोटी-छोटी बातें मन को उलझा सकती हैं। पिताजी की कोई बात आपको अच्छी न लगे, साथ ही सेहत को लेकर भी थोड़ी चिंता रह सकती है।

**वृश्चिक**
आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी के संकेत हैं, जो आपके चेहरे पर संतोष की मुस्कान लाएंगे। हालांकि किसी सहकर्मी की बात आपको परेशान कर सकती है।

**धनु**
आज आपके जीवन में सुविधाओं और आराम का स्तर बढ़ेगा। पिताजी किसी बात को लेकर आपसे नाराज़ हो सकते हैं, लेकिन स्थिति संभल जाएगी। बिजनेस में उतार-चढ़ाव रहेंगे।

**मकर**
आज का दिन शांत और सामान्य रहेगा, लेकिन आपको अपने शब्दों पर नियंत्रण रखना होगा। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचें। सिंगल लोगों को अपने साथी की याद सताएगी।

**कुंभ**
आज बिजनेस में थोड़ा सतर्क रहने का दिन है, क्योंकि छोटी सी लापरवाही बड़ा नुकसान कर सकती है। पार्टनरशिप में भी धोखे की संभावना है।

**मीन**
संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और घर में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। प्रॉपर्टी खरीदने का सपना भी आज साकार हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूणाहुति, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**मसौढी (नबिटासं)।** मसौढ़ी के गोखुला में चल रहे सात दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुक्रवार को विधि विधान के साथ समापन हो गया। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालु उमड़ पड़े। अंतिम दिन यज्ञाधीश पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के कुशल सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य कुंड में आहुतियां डाली गई। स्वाहा के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। यज्ञाधीश ने विश्व कल्याण, क्षेत्र की खुशहाली और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। पूर्णाहुति के समय यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।घी, धूप और हवन सामग्री की सुगंध से पूरा बचरी इलाका महक उठा। भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद यज्ञ की समाप्ति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर मसूरी विधायक अरुण मांझी भी इस भंडारी कार्यक्रम में शिरकत किया और पुरूषोत्तम चार्य से आशीर्वाद लिया जहां मसौढ़ी में सुख शांति की प्रार्थना की।यह भंडारा सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गया। आयोजन समिति के अनुसार इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया। सुबह से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवकों ने पूरी मुस्तैदी से व्यवस्था संभाली। धार्मिक आयोजन से सामाजिक एकता का संदेश महायज्ञ के दौरान पूरा क्षेत्र केसरिया झंडों और तोरण द्वारों से सजा रहा। आयोजन ने न केवल धार्मिक माहौल बनाया बल्कि आसपास के गांवों के बीच एकता और भाईचारे को भी सुदृढ़ किया। यज्ञ समिति के सदस्यों में बजेश शर्मा, अविनाश कुमार, अभय आनंद, मुकेश कुमार, मुन्ना शर्मा, सुधीर शर्मा आदी शामिल रहे।



### मसौढी में ऑटो पर पुलिस कोड अनिवार्य, बिना नियम पालन किए दौड़ रहे तीन दर्जन ई-रिक्शा

**मसौढी (नबिटासं)।** बिहार सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से जनवरी 2026 से ऑटो और ई-रिक्शा पर दफकोड और पुलिस कोड अनिवार्य करने का आदेश लागू किया गया। दावा किया गया था कि इससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ेगी और ऑटो लुटेरा गिरोह पर नकेल कसेगी।ऐसे में शुक्रवार को मसौढी में चल रहे सैकड़ो की संख्या में ई-रिक्शा चालकों को मसौढी थाना के पुलिस ने पकड़ कर ₹500 प्रति ऑटो पर जुर्माना रसीद किया गया। दरअसल इलाकों में जांच के दौरान पाया गया कि ज्यादातर ऑटो बिना दफकोड और बिना पुलिस कोड के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं।नए नियम के तहत सभी ऑटो और ई-रिक्शा पर दफ कोड लगाना अनिवार्य किया गया है।अगर दफ कोड को स्कैन करते तो कई अहम जानकारी मिलती है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि इससे यात्रियों को तुरंत वाहन की पहचान मिल सकेगी और किसी घटना की स्थिति में आरोपी तक पहुंचना आसान होगा।

### बकाया भुगतान व पेंशन की मांग को लेकर आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ गोपगुट के आह्वान पर शुक्रवार को बारसोई अनुमंडल अस्पताल स्वास्थ्य केंद्र पर आशा एवं आशा फैसिलिटेटर ने एक दिवसीय हड़ताल कर सरकार के विरुद्ध अपना आक्रोश व्यक्त किया। बारसोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में यह प्रदर्शन महिला नेत्री जूही महबूबा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व विधायक महबूब आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हड़ताली कार्यकर्ताओं की मुख्य मांगें थीं । अगस्त 2025 से बकाये प्रोत्साहन एवं सामाजिक पारितोषिक मद की राशि का अविलंब भुगतान किया जाए, सेवानिवृत्ति की आयु सीमा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मियों के समान 65 वर्ष की जाए तथा सेवानिवृत्ति पर रिटायरमेंट पैकेज एवं



पेंशन लागू किया जाए, कार्यकताओं ने कहा कि वे स्वास्थ्य सेवाओं की धुरी बनकर कार्य करती हैं, किंतु आठ माह से अधिक समय से प्रोत्साहन राशि के भुगतान न होने से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है, प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रमोद कुमार,स्वास्थ्य प्रबंधक मलिक नोऐद इस्लाम,अकाउंटेंट अनिल कुमार एवं बीसीएम आशा कार्यकताओं से मुलाकात कर उनकी मांगों के निराकरण का आश्वासन दिया। जिसके बाद हड़ताल समाप्त की गई।

### मालापाड़ा विद्यालय में मिड डे मील पर विवाद

**बारसोई/कटिहार (नबिटासं)।** बारसोई प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मालापाड़ा में मिड डे मील व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। भोजन लेकर पहुंचे एनजीओ कर्मी को ग्रामीणों और अभिभावकों ने घेर लिया। जिसके बाद उसे बिना खाना उतारे ही वापस लौटना पड़ा। बताया जाता है कि सेंटर फॉर नेशनल डेवलपमेंट इनिसिएटिव नामक स्वयंसेवी संस्था को प्रखंड के विद्यालयों में मिड डे मील पकाने एवं पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। शुक्रवार को संस्था का कर्मी जब स्कूल में भोजन लेकर पहुंचा तो लोगों ने गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भोजन लेने से इनकार कर दिया। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय में लगातार घटिया एवं गुणवत्ता विहीन भोजन दिया जा रहा है। जिससे बच्चों की सेहत पर खतरा बना हुआ है। एक दिन पूर्व भी भोजन को



लेकर बच्चों ने हंगामा किया था और कई बच्चों ने खाना खाने से मना कर दिया था। वहीं रसोइयों ने आरोप लगाया कि यदि वे इस भोजन को लेने से इनकार करते हैं तो एनजीओ कर्मी द्वारा उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। साथ ही प्रधानाध्यापक अजय कुमार राय पर भी वास्तविक से अधिक उपस्थिति दिखाने का दबाव बनाए जाने की बात सामने आई है। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। आक्रोशित अभिभावकों ने प्रशासन से मामले की जांच कर एनजीओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुमताज अहमद ने कहा कि लगातार सूचना प्राप्त हो रही हैं कि बच्चें मिड डे मील खाने से इनकार कर रहें हैं। प्रखंड साधनसेवी नियाज अहमद से जवाब मांगा गया हैं। जवाब आने पर आवश्यक कारवाई की जायेगी।

### कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर दोबारा आसीन हुए प्रदीप कुमार पासवान

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने कटिहार जिला कांग्रेस में संगठन की मजबूती को देखते हुए प्रदीप कुमार पासवान को पुनः जिला अध्यक्ष के पद पर आसीन किए हैं । इस मनोनयन में बिहार प्रदेश एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार पासवान की भी महत्वपूर्ण सहमति और अनुशंसा रही हैं । प्रदीप कुमार पासवान पर दोबारा भरोसा जताए जाने से जिले के कांग्रेसियों और एससी प्रकोष्ठ के सदस्यों के बीच हर्ष का माहौल हैं। पार्टी कार्यकताओं का कहना हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार पासवान ने प्रदीप कुमार पासवान की कार्यकुशलता को पहचानते हुए उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी हैं,जिससे जिले में दलितों और वंचितों की आवाज को और बल मिलेगा। अपनी इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदीप कुमार पासवान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और बिहार प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार पासवान का तहे दिल से आभार व्यक्त किया हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं,उसे वह पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। प्रदीप कुमार पासवान ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के भरोसे को हमेशा कायम रखेंगे और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे।

# महिलाओं-छात्राओं पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ भाकपा माले का प्रतिरोध मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** धनरूआ में माले कार्यकताओं ने बिहार में महिलाओं छात्राओं पर बढ़ते हत्या बलात्कार के खिलाफ प्रतिरोध मार्च निकाला यह मार्च माले कार्यालय से शुरू होकर धनरूआ बाजार में घूमते हुए बडिहा मोड पर नुक्कड़ सभा किया, सभा की अध्यक्षता धनरूआ प्रखंड सचिव कामरेड अकलू पासवान और संबोधित जिला नेता कामरेड वीरेंद्र प्रसाद ने किया और कहा कि एक तरफ भाजपा सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री का ताजपोशी कर रहा है दूसरी तरफ बिहार के महिलाओं छात्राओं के साथ बलात्कार और हत्याएं हो रहा है।

इस तरह की घटना पूरे बिहार में रोज व रोज कभी नीट की छात्रा कभी इंजीनियर की छात्रा बलात्कारयों की




शिकार हो रही है बिहार का कोई ऐसा जिला नहीं है जहां भाजपा एनडीए के शासन में छात्राओं महिलाओं के साथ हत्या गैंगरेप ना हुआ हो जब से एनडीए सरकार बिहार में है तब से हत्यारा बलात्कारी अपराधी गिरफ्तार नहीं होता है एक दोअपराधी जो गिरफ्तार होता भी है वह साक्ष के अभाव में बरी कर दिया जाता है और ठउ्अ सरकार उस बलात्कारी को माला पहनकर महिमा मंडीत करती है यह सरकार जन विरोधी है इसे जन समस्याओं से कोई मतलब नहीं है इस सरकार में महंगाई बेरोजगारी हत्या लूट बलात्कार चोरी डकैती भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर है आम इंसान त्राहिमाम है।इस प्रतिवाद मार्च में कामरेड श्री भगवान पासवान कामरेड निरंजन वर्मा कामरेड जितेंद्र राम कामरेड मालती देवी कामरेड श्रीमंती देवी पंचायत समिति सदस्य कामरेड चितरंजन पासवान इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता नेता उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 10वीं बोर्ड परिणाम में गोल इंस्टीट्यूट के प्री-फाउंडेशन छात्रों का शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम में इस वर्ष भी गोल इंस्टीट्यूट के प्री-फाउंडेशन कोर्स के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि गोल इंस्टीट्यूट न केवल मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रतियोगी परीक्षाओं में, बल्कि स्कूली शिक्षा के मजबूत आधार निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। गोल इंस्टीट्यूट के प्री-फाउंडेशन प्रोग्राम के अंतर्गत अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने अभिभावकों एवं संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। कई विद्यार्थियों ने गणित एवं विज्ञान जैसे विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, यह परिणाम केवल अंकों की सफलता नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

प्री-फाउंडेशन स्तर पर मजबूत आधार ही भविष्य के ठएएळ एवं खएए जैसे बड़े लक्ष्यों की नींव तैयार करता है। वहीं सहायक निदेशक श्री रंजय सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मानसिक एवं अकादमिक रूप से तैयार करना है । आर एंड डी हेड श्री आनंद वत्स ने बताया कि संस्थान में छात्रों को नवीनतम प्रतियोगी परीक्षा पैटर्न के अनुरूप अध्ययन सामग्री, नियमित टेस्ट तथा व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, जिससे छात्र प्रारंभिक स्तर से ही प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो जाते हैं। अकादमिक हेड श्री गौरव सिंह ने कहा, कक्षा 10 का परिणाम विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करता है। गोल का प्रयास रहता है कि हर छात्र की अवधारणा मजबूत हो, जिससे वे आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। गोल इंस्टीट्यूट पिछले 28 वर्षों से पूर्वी भारत में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रतीक बना हुआ है। इस शानदार परिणाम के साथ एक बार फिर गोल इंस्टीट्यूट ने सिद्ध कर दिया है कि वह केवल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मजबूत आधार भी है।

**उल्लेखनीय सफल छात्र**

मेधा भार्गव : 98.0%
सक्षम राज : 97.6%
मोनिका आनंद : 97.0%
आदित्य राज : 96.0%
आदित्य वैभव : 96.0%
ओंकार कुमार : 95.8%
तनिष्का सिंह : 95.4%
नयन श्रीवास्तव : 95.2%
सृष्टि सूर्या : 94.4%
प्रज्ञान सिंह : 93.4%
शौर्य कश्यप : 91.8%
अक्षरा गुप्ता : 91.8%
समीक्षा कुमारी : 91.4%
रिया कुमारी : 90.4%
अनुष्का कुमारी : 90.2%

# अबैध मिट्टी खनन व लापरवाह ट्रैक्टर परिचालन बन रहा दुर्घटना का कारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना))।** प्रखंड के सिंगरियावां पंचायत के जीवनचक गांव के पास लोकाईन नदी (महात्माईन) के समीप से मिट्टी खनन का अबैध कार्य बेरोकटोक चल रहा है जिसके कारण 3.5 किलोमीटर जीवनचक - काजीबीघा-दनियावां ग्रामीण सड़क मार्ग पर लापरवाही के साथ परिचालन किया जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में जीवनचक निवासी छात्रा सुकन्या कुमारी जो राजु कुमार की सुपुत्री है जो दनियावाँ पढ़ाई करने जाने के क्रम में काजीबीघा देवी स्थान मंदिर के समीप तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर के चपेट में आ गयी। इस तेज गति वाहन



को देख कर छात्रा सुकन्या अपना साईकिल सड़क किनारे लगा कर रुक गई फिर भी ट्रैक्टर चालक लापरवाही के साथ धक्का मार दिया और भागने लगा। घटनाक्रम के वाद स्थानीय ट्रैक्टर को रोक कर परिजनों व स्थानीय शाहजहाँपुर को सूचना दी गयी। थाना प्रशासन ने सूचना पर उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।और जख्मी छात्रा सुकन्या को ईलाज के लिये स्थानीय प्राथमिक केंद्र दनियावां ले जाया गया।जहां से उसे बेहतर इलाज के एनएमसीएच ले जाया गया जहां वह ईलाजरत है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में कुछ दिन पहले भी सुकन्या के छोटे चाचा आलोक कुमार भी ट्रैक्टर दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं जिससे परिवार डरा हुआ है। अबैध मिट्टी खनन और बेलगाम वाहन चालन पर स्थानीय पुलिस प्रशासन का ध्यान न होना भी ग्रामीणों को खल रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता बचन कुमार, रामभद्र पाण्डेय ने पुलिस प्रशाशन से बेलगाम रफ्तार परिचालन पर रोक लगाने की मांग करते हुए इस दिशा में ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

### दो गुटों में मारपीट, एक महिला समेत तीन लोग जख्मी, तीन नामजद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मटौढा गांव में आपसी विवाद में दो गुटों में जमकर मारपीट में एक महिला समेत दो बच्ची गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं, जिसको लेकर पीड़ित मंजू देवी पति राजकुमार मटौढा निवासी ने मसौढी थाने पहुंचकर तीन लोग के खिलाफ नामजद आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है, दिए गए आवेदन के आलोक में मंजू देवी ने लिखा है कि जब हम घर पर नहीं थे हमारे दो बेटियां थी जैसे अकारण दोनों के साथ मारपीट की गई है जब हम शाम को खेत पर काम करके घर वापस लौटे और जब पूरे घटना के बारे में जानकारी हुई तब हम सुबह में पूछने के लिए जा रहे थे उसी वक्त फिर लोग लाठी और बेल्ट लेकर आए और हम सब को बेरहमी से मारपीट करने लगे।

# याद किये पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** प्रखंड के जवाहरलाल नेहरू शिशु सेवा मंडल, शाहजहांपुर के तत्वावधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री महान समाजवादी नेता चंद्रशेखर की 99 वीं जयंती मनाई गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवियों और युवाओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का विश्लेषण करते हुए वरीय पत्रकार और समाजसेवी जयप्रकाश सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर उनका निजी जीवन सादगी से भरा था। संसद में उनका भाषण तथ्यों और बेबाकी से ओतप्रोत होते थे।पक्ष-विपक्ष दोनों उनकी बात गौर से सुनते थे।सरपंच अनिल कुमार सिंह ने उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन निवेदित करते हुए कहा कि 1983 में उन्होंने कन्याकुमारी से दिल्ली तक 4260 किलोमीटर की 'भारत यात्रा' पैदल की



थी।छः महीने में गांव-गांव जाकर जनता से सीधा संवाद किया। मौके पर रामनाथ सिंह, बच्चा सिंह, सुरेश पंडित (अवकाश प्राप्त शिक्षक), रामध्यान सिंह, डॉ राजीव नयन समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे। वहीं,लाला सिंह स्मृति मंच, मसाढी. के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह की जयंती पर पूर्व मुखिया व मसाढी. पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह ने दर्जनों फलदार और छायादार वृक्ष लगाये और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# पैक्स चुंनाव : चुनाव प्रचार हुआ तेज, वोटरों को घर-घर जाकर साध रहे उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** आगामी 20 अप्रैल को पैक्स का चुनाव होना है, जिसको लेकर एक और जहां प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है। वहीं दूसरी और चुनाव चिन्ह के आवंटन के बाद उम्मीदवार अपने वोटरों को साधने में लगे हैं। प्रत्येक दिन अपने हाथों में पंपलेट लेकर गांव-गांव में उम्मीदवार अपने मतदाताओं के बीच पहुंचकर उन्हें साधने में जुट गए हैं।

बहरहाल पैक्स यानी प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति का चुनाव होना है जिसमें मतदाता किसान होते हैं। किसानों की समस्या किसानों के लिए सरकार की तमाम योजनाओं पर काम कैसे करना है कैसे लाभ दिलाना ही तमाम बातों



और वादों को लेकर सभी पैक्स उम्मीदवार मतदाताओं के बीच जा जाकर उन्हें लोक लुभावने बातें बता रहे हैं। ऐसे में मसौढी प्रखंड में तीन पैक्स में चुनाव होने थे लेकिन इस बार सिर्फ दो पैक्स में चुनाव होंगे जिसमें चरमा पैक्स में अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा, जहां कुल तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में है, जिसमें राकेश कुमार निरंजन, मंजू देवी पति मुकेश कुमार और प्रियरंजन पटेल कुल मतदाताओं की संख्या 1481 है और तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं जबकि बारा पैक्स में सिर्फ कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव होना है क्योंकि पैक्स अध्यक्ष पद का निर्विरोध हो चुका है, इसके अलावा नदौल पैक्स का चुनाव इस बार नहीं होगा अगले आदेश तक के लिए उसे चुनाव को स्थगित कर दिया गया है। वही धनरूआ प्रखंड में दो पैक्स में चुनाव होने हैं जिसमें बारीबीघा और सोनमई है। बारीबिगहा में पांच उम्मीदवार चुनावी मैदान में है जबकि सोनमई में दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। वही पुनपुन प्रखंड की बात करें तो सिर्फ एक पैक्स पैमार में चुनाव होनी है। जहां पर दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में है प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर की जा रही है।

# आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सीबीएसई बोर्ड में आरपीएस रेसिडेंशियल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। 95.2% अंक लाकर अर्यन कुमार सिंह स्कूल टॉपर बने, विनीत रंजन 93% अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा 91% अंकों के साथ आदर्श कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लगभग 17% बच्चों ने 85% से अधिक अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय ने न केवल शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है बल्कि गुणवत्तापूर्ण अंकों के



अर्यन कुमार सिंह (95.2%)



विनीत रंजन (93%)



आदर्श कुमार (91%)

साथ अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता भी सिद्ध की है। स्कूल के अध्यक्ष डॉ. कुमार पुष्पांजय, प्रबंध निदेशक कुमार पुरितंजय, प्रधानाचार्य श्री दिलीप कुमार सिंह एवं उप प्राचार्या श्रीमती उषा सिन्हा ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दिया एवं बताया कि स्कूल के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को इस सफलता का श्रेय जाता है। अंत में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सीबीएसई 10वीं परीक्षा के टॉपर लिस्ट पर अभिभावक ने उठाया सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** सीबीएसई की 10वीं परीक्षा का रिजल्ट सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी कर दिया गया है। ऐसे में मसौढ़ी के सत मेरिस स्कूल ने भी अपने विद्यालय में टॉपरों की लिस्ट जारी की है। जिसमें एक नया विवाद खड़ा हो गया है, जहां एक अभिभावक शिव शंकर कुमार ने जारी किए गए मेरिट लिस्ट की सूची में कहा है कि उसमें कई त्रुटियां हैं। पांच विषयों में एक अतिरिक्त विषय जोड़कर टॉपर के लिस्ट जारी किया गया है जो सीबीएसई के नियम के अनुसार गलत है। ऐसे में सिद्धार्थ कुमार आर्य का मुख्य पांच विषय में 474 अंक आया था जबकि आरूषी कुमारी का मुख्य पांच विषयों में 471 अंक आया था।

# विित्तय वर्ष 2025-26 के अंत में राजस्व संग्रह में साउथ बिहार में मसौढ़ी का दूसरा स्थान

## 11 करोड़ लक्ष्य के विरुद्ध 12.62 करोड राजस्व वसूली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** वित्तिय वर्ष 2025-26 के अंत में बिहार के विद्युत विभाग के राजस्व संग्रह में मसौढ़ी प्रमंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर शीर्ष स्थानों में अपनी जगह बनाई है। यह जानकारी हाल ही में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जारी बिजली बिल वसूली और राजस्व संग्रह के आंकड़ों के संदर्भ में सामने आई है, जहाँ मसौढ़ी को दूसरा स्थान मिलने की बात कही जा रही है।

मसौढ़ी सब-डिविजन ने अपने निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्यों को पूरा करने और बकाया बिलों की वसूली में रिकॉर्ड कायम किया है, जिससे इसे यह उच्च रैंकिंग मिली है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अंतर्गत आने वाले मगध मंडल के क्षेत्रों में, विशेषकर शहरी और ग्रामीण मिश्रित प्रमंडलों में मसौढ़ी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। मार्च 2026 तक के वित्तीय वर्ष में, बिजली विभाग ने डिफॉल्टरों पर नकेल कसकर और स्मार्ट मीटर के माध्यम से रिकॉर्ड राजस्व 11 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 12.62 करोड़ की वसूली की गई है।इसमें विशेष रूप से प्रीपेड स्मार्ट मीटर की भूमिका, समय पर बिलिंग, लगातार छापेमारी अभियान, और बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शामिल है। बहरहाल विधुत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार बताते हैं कि हर सेक्शन में पदाधिकारी व कर्मियों की टीम बनाकर पूरे माह बकाया बिल वसूली के लिए लगातार अभियान चलाया गया। बिजली चोरों पर नकेल कसने के लिए छापेमारी अभियान चलाया गया। सरकारी विभागों ने भी बकाया के भुगतान में काफी रुचि दिखायी। इसी का परिणाम है। उन्होंने अभियान की सफलता पर एसडीओ, जेई से लेकर अन्य कर्मियों को साधुवाद दिया है। साथ ही आगे भी इसी जोश और जज्बे के साथ राजस्व वसूली के लिए काम करते रहने की सलाह भी दी है।

# मसौढी के भखरा में युवा भीम संवाद का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जयंती अवसर पर मसौढ़ी के भखरा में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से भीम युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता पटना जिला ग्रामीण कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने किया जबकि संचालन महासचिव मोहम्मद अरफराज साहिल ने किया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवनी के बारे में विस्तृत रूप से बताया।इस भीम युवा संवाद कार्यक्रम में वक्ताओं में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवपूजन सिंह ने कहा कि आज की पीढ़ी बाबा साहेब के पद चिन्ह पर चलेगी तो समाज में



सकारात्मक बदलाव अवश्य आएगा।इस भीम युवा संवाद में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव मोहम्मद अरफराज साहिल ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक है जितना पहले था।उन्होंने कहा कि समाज में समानता न्याय और भाईचारा कायम रखने के लिए हमें उनके बताएं मार्गो पर चलने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बाबा साहेब के आदर्श को अपनाकर ही एक मजबूत एवं समरस समाज का निर्माण संभव है।।धनरूआ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय पांडेय जी ने कहा कि आज के समय में संविधान की मूलभावना को समझनाऔर उसे अपने जीवन में उतरना बेहद जरूरी है।इस मौके मुख्य रूप से मृत्युंजय पेरियार, टीपू सुल्तान, शिवपूजन सिंह, मृत्युंजय पांडेय, श्रवण विश्वकर्मा ललन मांझी दिलकेश्वर मांझी, राहुल कुमार, मोहित, अमन सहित सैकड़ों भखरा ग्राम वासी मौजूद थे।

# केंदुआडीह क्षेत्र का विधायक ने किया दौरा

- धंसी सड़क एवं गैस रिसाव का लिया जायजा
- अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश
- लोगों को दिलाया प्रशासन से सहयोग का भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद** । झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने केंदुआ क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर धंसी हुई सड़क एवं लगातार हो रहे गैस रिसाव की गंभीर स्थिति का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित स्थानीय परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना तथा क्षेत्र की वर्तमान परिस्थिति का जायजा लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक श्री सिन्हा ने पीबी एरिया के महाप्रबंधक (जीएम) से दूरभाष पर वार्ता कर सड़क की शीघ्र मरम्मत, गैस रिसाव पर तत्काल नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए एवं तत्काल ही इसके उपरांत विधायक श्री सिन्हा ने पीबी एरिया के महाप्रबंधक से उनके कार्यालय में भेंट कर केंदुआ क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने जनसुरक्षा से जुड़े इन गंभीर मुद्दों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई



सुनिश्चित करने, प्रभावित परिवारों के पुनर्वास तथा मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने मांग रखी कि उन्हें बेलगड़िया के स्थान पर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर सामूहिक रूप से पुनर्वासित किया जाए, ताकि वे पूर्ववत सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित जीवनयापन कर सकें। इस विषय पर भी विधायक श्री सिन्हा ने महाप्रबंधक से गंभीरता पूर्वक चर्चा की। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि केंदुआ क्षेत्र में सड़क धंसना और गैस रिसाव जैसी घटनाएं अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक हैं। आम जनता की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, पुनर्वास एवं मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय के समाधान हेतु मैं सदैव प्रतिबद्ध हूँ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रंजय सिंह, बालमुकुंद राम, रवि सिन्हा मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, मनीष पांडेय, मनोज मालाकार, कपिलदेव पासवान सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# भाभी से अवैध संबंध में भाई की हत्या, आरोपित गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खुसरूपुर**। थाना क्षेत्र के हैवतपुर पंचायत अंतर्गत लोदीपुर दानीयालपुर देवी स्थान के पास दलित टोला में पारिवारिक विवाद में एक भाई ने अपने सगे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी।

मृतक की पहचान शैलेश रविदास (लगभग 18 वर्ष) के रूप में हुई है। वह दिल्ली में रहकर कचरा उठाने का काम करता था जो 16 अप्रैल को अपने गांव लौटा था। बताया जाता है कि शैलेश का अपने बड़े भाई की पत्नी गीता देवी के साथ पिछले करीब पांच वर्षों से अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर बुधवार की रात करीब 8 बजे दोनों भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान गुस्से में आकर बड़े भाई शत्रुघ्न रविदास ने धारदार चाकू से शैलेश के पेट पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फतुहां एसडीपीओ-2 संजीव कुमार ने बताया कि यह घटना पारिवारिक विवाद एवं अवैध संबंध के कारण हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शत्रुघ्न रविदास को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है। मृतक अविवाहित था, जबकि आरोपी की पत्नी से चार बच्चे हैं। घटना के बाद गांव में सनसनी है और परिजनों में मातम का माहौल है।

## फरार वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फतुहा**। प्रखंड के नदी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक वर्षों से फरार आरोपी संदीप कुमार को जेठुली गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को पूछ ताछ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# पार्षद के भतीजे पर अज्ञात बदमाशों ने चलायी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई**। शहर के महिसौड़ी चौक स्थित वी मार्ट के पास गुरुवार की देर शाम बदमाशों ने महिसौड़ी निवासी गोपी सिंह के पुत्र अंबर सिंह पर गोलीबारी कर दी। गनीमत रही कि गोली अंबर सिंह को नहीं लगी। वह बाल-बाल बच गया।

जबतक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते तब तक बदमाश मौके से फरार हो गया। पीड़ित अंबर सिंह वार्ड संख्या 14 के वार्ड पार्षद गौतम सिंह का भतीजा है।

सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम और टाउन थाना की पुलिस द्वारा मौके से दो खोखा और एक कारतूस बरामद किया गया और पीड़ित युवक अंबर सिंह से घटना के संबंध में पूछताछ की गई।

पीड़ित अंबर सिंह ने गोलीबारी करने का आरोप बाबू टोला निवासी टुनमुन सिंह के पुत्र मनीष सिंह, रजनीश सिंह पर लगाया है, जबकि उक्त दोनों युवकों को सहयोग करने और मारपीट करने का आरोप अनुज सिंह के पुत्र किशन सिंह पर लगाया है।

पीड़ित अंबर सिंह ने बताया कि काफी दिनों से जमीन का विवाद चल रहा है, लेकिन वो लोग अपना घर भी बना लिया है।

मामला शांत था, लेकिन जमीनी रंजिश में ही बुलेट बाइक पर सवार होकर मनीष सिंह, रजनीश सिंह और किशन सिंह आया और अचानक किशन सिंह गर्दन पकडकर मारने लगा। इस दौरान मनीष सिंह ने बीच सड़क से ही गोलीबारी शुरू कर दी, लेकिन गोली उसे नहीं लगी। इसके बाद उक्त तीनों लोग फरार हो गए।

गोपी सिंह और उनकी पत्नी ने बताया कि जमीन विवाद होने के बावजूद उन लोगों द्वारा मकान बना लिया गया था। इसके बावजूद उनके पुत्र को चार दिनों से जान मारने की धमकी दी जा रही थी और आज पुत्र पर गोलीबारी कर दी गई। घटना के बाद पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई है।

## नाबालिक प्रेमी युगल गिरफ्तार

**दनियावां**। प्रखंड के एक गांव से नाबालिक युवती जो नालंदा जिला के हरनौत प्रखंड के नाबालिक युवकके साथ प्रेम प्रसंग में चार दिन पूर्व दनियावां से लापता हो गई थी। जिस मामले में युवती के परिजन ने दनियावां थाना में उक्त नाबालिक युवक को नामजद करते हुए मामला दर्ज किया गया था। इसी आलोक में शुक्रवार को दनियावां पुलिस ने दोनों नाबालिक प्रेमी युगल को दनियावां स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। और नाबालिक युवती को न्यायालय में ब्यान के लिए भेज दिया है।

## कोचिंग जा रही छात्रा को ट्रैक्टर ने रौंदा, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां**। प्रखंड के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जीवनचक जाने वाली ग्रामिन सड़क मार्ग पर एक ट्रैक्टर चालक ने साइकिल से कोचिंग जा रही एक बारहवीं की छात्रा सुकन्या कुमारी को धक्का मार घायल कर दिया।

जीवनचक निवासी छात्रा राजू कुमार की पुत्री सुकन्या कुमारी अपने साइकिल से दनियावाँ कोचिंग करने जा रही थी कि ग्राम काजीबिग्हा देवी स्थान मंदिर के समीप तेज गती से आ रहा ट्रैक्टर चालक ने सुकन्या कुमारी के साईकिल में लापरवाही के साथ धक्का मार दिया। जिससे वह घायल हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची शाहजहाँपुर पुलिस ने ट्रक्टर को जप्त कर लिया।घायल सुकन्या को ईलाज के लिए दनियावां पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे बेहतर इलाज हेतु एनएमसीएच रेफर कर दिया गया।

# दस साल बाद मिला मासूम को न्याय

## दुष्कर्मी को मिला उम्रकैद और मुआवजे का आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई**। अपराध कभी छिपता नहीं और न्याय में भले ही देरी हो, लेकिन वह मिलता जरूर है। जमुई के सिरचंद नवादा की एक रूह कंपा देने वाली घटना में यह बात सच साबित हुई है। छह साल की एक मासूम बच्ची के साथ हुए अमानवीय दुष्कर्म का राज 10 साल बाद तब खुला, जब दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल की एक मनोचिकित्सक ने उसकी काउंसलिंग की। डॉक्टर की शिकायत पर जमुई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और अब पाक्सो कोर्ट ने इस जघन्य अपराध के लिए एकमात्र आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

घटना करीब 10 से 12 साल पुरानी है, जब पीड़िता की उम्र महज 6 से 8 वर्ष के बीच थी। सिरचंद नवादा निवासी पंकज कुमार सिन्हा, जिसे बच्ची रिश्ते में मामा कहती थी, उसने उसे अपने बच्चों के साथ खेलने के बहाने घर बुलाया।

आरोपित ने कमरा बंद कर बच्ची के साथ अमानवीय तरीके से अप्राकृतिक यौनाचार और दुष्कर्म किया। खौफ और सदमे के कारण बच्ची विरोध नहीं कर सकी और वहीं बेहोश हो गई। डर की वजह से उसने यह बात अपने स्वजनों को भी नहीं बताई।इस खौफनाक घटना के बाद बच्ची की शारीरिक और मानसिक स्थिति बिगड़ती चली गई। उसके मुंह और कान से लगातार खून आने लगा। वह गुमसुम रहने लगी और उसकी पढ़ाई भी छूट गई। स्वजनों ने जमुई से लेकर पटना तक कई बड़े डॉक्टरों से उसका इलाज कराया, लेकिन बीमारी का सही कारण किसी को समझ नहीं आया। अंततः, जब पीड़िता 16 वर्ष की हुई तो बेहतर इलाज के लिए उसे दिल्ली के आरएमएल अस्पताल ले जाया गया।

आरएमएल अस्पताल की मनोचिकित्सक डा. सुनीता कुमारी ने इलाज के साथ-साथ बच्ची की काउंसलिंग शुरू की। इसी दौरान बच्ची ने 10 साल बाद अपनी चुप्पी तोड़ी और अपने साथ हुई दरिंदगी की पूरी कहानी बयां कर दी।

इस रहस्योद्घाटन के बाद डॉ. सुनीता ने पीड़िता की मां को न्याय के लिए प्रेरित किया और बिना देर किए खुद आनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, दिल्ली को सूचित कर दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए 29 अप्रैल 2024 को जमुई महिला थाने में प्राथमिकी (कांड सं. 26/2024) दर्ज की गई। अगले ही दिन 30 अप्रैल को पुलिस ने आरोपित पंकज कुमार सिन्हा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पाक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश महेश्वर दुबे की अदालत में स्पीडी ट्रायल चला। इसमें डा. सुनीता ने भी दिल्ली से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये गवाही दी। सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार शर्मा और बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामदेव सिंह ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं।

साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर कोर्ट ने आरोपित पंकज कुमार सिन्हा को पाक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत दोषी करार दिया। शुक्रवार को न्यायाधीश ने दोषी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

जुमार्ना न भरने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसके अलावा, कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) को पीड़िता प्रतिकार योजना के तहत पीड़िता को सात लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। गौरतलब है कि 2019 में पाक्सो एक्ट में संशोधन कर ऐसे मामलों में सजा को और सख्त (न्यूनतम 20 वर्ष से लेकर मृत्युदंड तक) कर दिया गया है, लेकिन चूंकि यह घटना 2019 से पहले की है, इसलिए तत्कालीन कानून के प्रविधानों के अनुसार अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की है।

# 10वीं बोर्ड परिणाम में गोल का दबदबा, छात्रों ने बढ़ाया संस्थान का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। सीबीएसई द्वारा घोषित 2026 के 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में गोल संस्थान, धनबाद के छात्रों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए कोयलांचल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संस्थान के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर यह साबित किया कि अनुशासन, सही मार्गदर्शन एवं स्मार्ट वर्क के जरिए बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।

10वीं बोर्ड परीक्षा में संस्थान के छात्रों का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा, जहां बड़ी संख्या में छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। सफल छात्रों में वैष्णवी मिश्रा 98%, सोमेश्वर आनंद मेहता 97.2%, आयुषी वर्मा 96%, अफ्ताब अंसारी 95%, समृद्ध आर्या 94.8 %, संस्कार शर्मा 94 %, अंकित कुशवाहा 93 % एवं नब्या शर्मा जैसे बहुत सारे छात्रों ने




दसवीं बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सफल छात्र

90 % से ज्यादा अंक प्राप्त किए । 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ-साथ मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे अन्य छात्रों के साथ भी गोल संस्थान, धनबाद के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाईं और छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने कहा कि जिन छात्रों के अंक अपेक्षाकृत कम आए हैं, वे निराश न हों, क्योंकि आगे 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उनके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में उन्हें फोकस्ड रहकर निरंतर मेहनत करने की आवश्यकता है।

गोल संस्थान, धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया कि संस्थान से साधारण छात्र भी असाधारण सफलता प्राप्त करते रहे हैं। उन्होंने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एकेडमिक हेड दिपक कुमार एवं भारती सिन्हा ने बताया कि संस्थान मेधावी एवं योग्य छात्रों को उनकी प्रतिभा के आधार पर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है और आगे भी छात्रों को गुणवत्तपूर्ण व्यवस्था देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाकपा माले ने निकाला प्रतिरोध मार्च




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फतुहा**। राघोपुर में इंजीनियरिंग की छात्रा की रेप और हत्या के खिलाफ भाकपा माले द्वारा शुक्रवार को फतुहा बाजार में निकाला प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस संबंध में भाकपा-माले प्रखंड सचिव शैलेंद्र यादव ने बताया कि पटना जिला जो राज्य की राजधानी है उसके अंदर बच्चीया सुरक्षित नहीं है अभी पटना नीट की दो छात्राओ की यौन उत्पीड़न और हत्या की घटना ने बिहार वाशियों को झकझोर कर रख दिया था । उसकी आग अभी शांत भी नहीं हुई फिर एक दूसरी घटना हो गई है।

उन्होंने बताया कि जहानाबाद की नीट के छात्र के साथ हुई घटना से शुरू होकर हसपुरा सहित बिहार के कई जिलों में हत्या बलात्कार व छात्र के साथ रेप और हत्या के साथ-साथ अब बिहटा के इंजीनियरिंग के छात्र के साथ रेप के बाद हत्या की घटना उजागर हुई है । भाकपा-माले का आक्रोषपूर्ण प्रतिरोध मार्च फतुहा भाकपा माले कार्यालय से चलकर महारानी चौक फतुहा चौराहा के पास पहुंचा जहां एक बड़ी नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव फतुहा शैलेंद्र यादव ने कहा की देश में भाजपा के सरकार में आए दिन हमारे देश में हत्या बलात्कार लूट डकैती बढ़ रही है ।लेकिन सरकार इस पर कोई एक्शन नहीं ले रहा है । भाकपा-माले सरकार से मांग करती है कि अपराधियों को स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा दे।

# अलग-अलग कांडों में पांच को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल**। अरवल पुलिस ने हथियार व स्मैक की तस्करी से जुड़े बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सदर थाना क्षेत्र के रेड लाइट एरिया में छापेमारी कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है, इनके अलावा दो विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया है।

इनके पास से एक पिस्टल, तीन मैगजीन, 45 कारतूस, स्मैक चरस 22 ग्राम, वजन करने की एक मशीन, छह मोबाइल व नकदी 31120 रुपये बरामद हुए हैं।

पकड़े गए तस्करों में एक 2022 बैच का सिपाही सोनू कुमार है, जो औरंगाबाद जिले के दाउदनगर अग्निशमन विभाग में तैनात है।

सोनू अरवल जिले के बंशी प्रखण्ड अंतर्गत सोनभद्र गांव का निवासी है। सिपाही के साथ उसके गांव के ही करण कुमार, देशराज कुमार व रोशन कुमार को भी पकड़ा गया है।

इसके अलावा अरवल सिपाही के विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। सभी तस्करों की उम्र 22 से 28 के बीच है। दो विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है।

एसपी डॉ. नवजोत सिमी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि रेड लाइट एरिया जनकपुर में स्मैक चरस और हथियारों की खरीद बिक्री करने वाले इकट्ठा हो रहे हैं, तत्काल अरवल सदर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई और रेड लाइट एरिया की घेराबंदी कर छापेमारी की गई।

जहां रोशन कुमार के घर से पांच तस्करों को स्मैक, हथियार व कारतूस के साथ दबोचा गया, मौके से दो विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया।

एसपी ने बताया कि सदर थाने में केस दर्ज कर गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। साथ ही, हथियारों की सप्लाई की पूरी कड़ी को ट्रेस किया जा रहा है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बुरा हाल

## लोग हो रहे हलकान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखीसराय**। रामगढ़ चौक प्रखंड मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर दूर सुरारी इमामनगर पंचायत के बरहरा गांव स्थित कपस्या फील्ड में करोड़ों की लागत से बना 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया है।

विधानसभा चुनाव से पहले बड़े वादों के साथ शुरू किए गए इस अस्पताल की हकीकत चौंकाने वाली सामने आई। शुक्रवार सुबह 9:30 बजे जब जागरण टीम अस्पताल पहुंची, तो वहां सिर्फ एक गार्ड अशोक यादव मौजूद थे।

उन्होंने बताया कि दो गार्ड की तैनाती है, लेकिन दूसरा गार्ड गायब है। हैरानी की बात यह रही कि निर्धारित समय 10:00 बजे के बावजूद 10:45 बजे तक कोई डाक्टर या स्वास्थ्यकर्मी नहीं पहुंचे थे। करीब 10:55 बजे डीभीडीएमएस आपरेटर अनुज कुमार अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक इलाज के लिए आए मरीज निराश होकर इंतजार करते रहे।

अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों ने बताया कि सुबह 10:15 बजे से ही वे डाक्टर के इंतजार में बैठे हैं, लेकिन कोई चिकित्सक मौजूद नहीं थे। ओपीडी का समय 10:00 बजे से 2:00 बजे तक तय है, लेकिन यहां डाक्टर अक्सर 12 बजे के बाद आते हैं और एक बजे तक लौट जाते हैं। अस्पताल में रोस्टर तक नहीं लगाया गया है, जिससे मरीजों को यह भी पता नहीं चलता कि किस दिन कौन डाक्टर उपलब्ध रहेंगे।

स्थिति और भी गंभीर तब नजर आई जब अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव सामने आया। अनुज कुमार ने बताया कि पिछले 20 दिनों से अस्पताल में बिजली नहीं है, क्योंकि बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया है। पानी की भी भारी किल्लत है और कर्मचारियों को बाहर से पानी लाकर पीना पड़ता है।

इंटरनेट सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों का रजिस्ट्रेशन मोबाइल के सहारे किसी तरह किया जा रहा है। रात के समय स्थिति और भयावह हो जाती है। गार्ड अशोक यादव के अनुसार, बिजली नहीं रहने से अंधेरे में ड्यूटी करना मुश्किल हो जाता है और अस्पताल सुनसान इलाके में होने के कारण भय का माहौल बना रहता है।

उधर बरहरा गांव निवासी और हम पार्टी के जिला महासचिव अमरजीत मांझी ने बताया कि डाक्टर समय पर नहीं आते और मनमाने ढंग से ड्यूटी करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह लापरवाही रामगढ़ चौक पीएचसी प्रभारी की अनदेखी का नतीजा है, जिनका इस अस्पताल पर कोई नियंत्रण नहीं दिखता।

इस संबंध में जब रामगढ़ चौक पीएचसी प्रबंधक अरुण कुमार से बात की गई, तो उन्होंने संतोषजनक जवाब देने के बजाय फोन पर ही टालमटोल करते हुए कहा कि स्वास्थ्यकर्मी आते-जाते रहते हैं।

हालांकि, वे यह स्पष्ट नहीं कर सके कि कौन कब आते हैं। छह महीने पहले बड़े दावों के साथ शुरू हुआ यह स्वास्थ्य केंद्र अब खुद बीमार नजर आ रहा है। सवाल यह है कि जब बुनियादी सुविधाएं और जिम्मेदार डाक्टर ही नहीं होंगे, तो आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा कैसे मिल पाएगी।

## एक नबालिक व दो वारंटी समेत तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां**। शाहजहापुर थाना की पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक गांव से फरार एक नवालिक युवती के साथ साथ दो वर्ष से फरार दो वारंटी को परसन बिगहा गांव से बरामद किया है। थानाध्यक्ष मुन्ना दास ने बताया कि दो दिन पूर्व अपने गांव से फरार हुई एक 14 वर्षीय नाबालिक युवती को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वही परसन बिगहा गांव में छापेमारी कर दो साल से फरार नीतीश कुमार और टिशू कुमार को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया है .दोनों को पूछताछ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# ब्लूटूथ डिवाइस से चोरी करते दो परीक्षार्थी धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर** । बीपीएससी की एडीईओ परीक्षा में जिले के दो अलग-अलग केंद्र पर दो अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ डिवाइस के साथ कदाचार करते पकड़ा गया। दोनों कान के भीतर लगी एक छोटी ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए चोरी कर रहे थे। मुफस्सिल थाना के 2 कृष्णा हाई स्कूल और नगर थाना के आरएसबी इंटर स्कूल से उक्त दोनों अभ्यर्थियों को पकड़ा गया। इसमें एक आरोपी उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए अभ्यर्थी की पहचान उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के जनसा थाना का कुरौना वार्ड 62 निवासी तराशनाथ राय का पुत्र अरविन्द कुमार राय और बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना के तेघड़ा वार्ड 17 निवासी श्याम नंदन मिश्र के पुत्र सत्यजीत कुमार के रूप में हुई।

बताया गया कि अरविन्द कृष्णा हाई स्कूल में प्रथम पाली में परीक्षा देने पहुंचा था। वह परीक्षा केंद्र के भीतर परीक्षा दे रहा था। उसकी गतिविधियों से केंद्र के भीतर तैनात वीक्षक को शंका हुई। बाद उसकी गहन तलाशी ली गई। इस दौरान उसके शरीर से एक छोटा डिवाइस बरामद किया गया।

गहन पूछताछ के बाद में उसने एक छोटा डिवाइस कान के भीतर होने की बात स्वीकारी। सूचना पर मुफस्सिल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर थाना ले आयी।

पुलिस टीम ने सदर अस्पताल ले जाकर चिकित्सकों के जरिए उसके कान के भीतर रहे छोटे डिवाइस को निकलवाया है।

दूसरी तरफ आरएसबी इंटर स्कूल में दूसरी पाली में कमरा नंबर 28 में परीक्षा दे रहे सत्यजीत को भी इसी तरह से उसकी संदिग्ध गतिविधियों की वजह से पकड़ा गया। बताया गया कि दोनों उक्त छोटी ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए परीक्षा में कदाचार कर रहे थे।

# मैट्रिक और इंटर टॉपर्स को दिया प्रशस्ति प्रमाण-पत्र व पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 में राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में सम्मानित छात्र-छात्राओं में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरिया नवीनगर के ऋतु कुमारी ने 485 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर छठा स्थान प्राप्त किया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रामनगर नवीनगर के रोहित कुमार चौधरी ने 485 अंक प्राप्त किया। हाई स्कूल बारुण के कुणाल किशोर ने 485 अंक प्राप्त



कर राज्य स्तर पर छठा स्थान प्राप्त किया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रामनगर नवीनगर के रिया सिंह ने 483 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय जोगिया कांस बारुण के अमन कुमार ने 483 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल डुमरी कुटुंबा के आकाश कुमार ने 483 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रामनगर नवीनगर के रीना कुमारी ने 482 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर नौवां स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल कुटुंबा के प्रिंस कुमार ने 482 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर नौवां स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल शमशेरनगर के शिवम कुमार ने 482 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर नौवां स्थान प्राप्त किया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रजौई बिजोई औरंगाबाद के आयुष कुमार ने 482 अंक प्राप्त किए। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला औरंगाबाद के दिव्यांशु कुमार ने 482 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर नौवां स्थान प्राप्त किया। बनवारी जनता मदन हाई स्कूल केरा के संजीत कुमार ने 482 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर नौवां स्थान प्राप्त किया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टहल अम्बा मेह बारुण के सलोनी कुमारी ने 481 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया तथा आर.जे. हाई स्कूल देव के शिव कुमार ने 481 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 के विज्ञान संकाय में मदनपुर कॉलेज मदनपुर के संजीत कुमार ने 474 अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एस.एस. स्कूल पथरोर देहरा के प्रिंस कुमार ने 472 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जी.पी.जी. कॉलेज इटवां हसपुरा के संजय शेखर तथा गांधी स्मारक स्कूल गोह के चांदनी कुमारी ने 468 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में गर्ल्स हाई स्कूल ओबरा के सुजाता वर्मा तथा सृष्टि भारती, गर्ल्स हाई स्कूल हसपुरा ने 470 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टंडवा नवीनगर के दिव्या कुमारी ने 465 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अशोका हाई स्कूल दाउदनगर के रोहित यादव तथा टाउन इंटर कॉलेज औरंगाबाद की अभिषेक कुमार सिंह ने 463 अंक प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में टाउन इंटर कॉलेज औरंगाबाद के जिज्ञासा कुमारी ने 453 अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा टाउन इंटर कॉलेज औरंगाबाद के रौशन कुमार सिंह ने 447 अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं को आत्मबल सुदृढ़ करने, लक्ष्य के प्रति सजग रहने तथा सतत परिश्रम के माध्यम से सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्राथमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा), शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी, छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भूमि विवाद ने बढ़ाया तनाव, जांच की मांग

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के ढोसिला पंचायत अंतर्गत ठकुरार गांव में इन दिनों जमीन को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन जमीनों की केवाला (रजिस्ट्री) में प्लॉट संख्या अंकित नहीं है, उन पर भी अंचल कार्यालय द्वारा रसीद में प्लॉट नंबर दर्ज कर दिया जा रहा है। गांव निवासी अजय शर्मा ने बताया कि करीब 9 एकड़ जमीन से जुड़ा मामला वर्ष 2014 से न्यायालय में लंबित है। इसके बावजूद बिना किसी आधिकारिक मापी के जमीन पर प्लॉट संख्या चढ़ा दी गई और रसीद भी जारी कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राजस्व पदाधिकारी को लिखित शिकायत भी दी गई थी, लेकिन मार्च 2026 में फिर से रसीद में प्लॉट नंबर अंकित कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जमीन की सही तरीके से मापी कराई जाती, तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाती। वर्तमान में जिन लोगों के नाम पर रसीद जारी हुई है, वे बिचौलियों के माध्यम से जमीन बेचने के लिए एग्रीमेंट भी कर चुके हैं, जिससे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए किसी भी समय विवाद के हिंसक रूप लेने की आशंका जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी इसी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो घटनाएं हो चुकी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए 13 अप्रैल को जिलाधिकारी को जांच के लिए आवेदन सौंपा गया है। वहीं, राजस्व पदाधिकारी सलाह असमर ने बताया कि जिन प्लॉट नंबरों को गलत तरीके से चढ़ाया गया था, उन्हें हटा दिया गया है या मामला वरीय अधिकारियों के पास विचाराधीन है। उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मांगें पूरी होने तक किसानों का जारी रहेगा संघर्ष, मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**औरंगाबाद**। उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा मगध के बैनर तले 5 सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को प्रतिवाद मार्च किया गया। प्रतिवाद मार्च की शुरुआत गांधी मैदान से किया गया। झंडा, बैनर और गगनभेदी नारों से उत्तर कोयल नहर से जुड़े मांगों को बुलंद करते हुए बड़ी संख्या में किसान उत्तर कोयल नहर प्रमंडल औरंगाबाद के कार्यालय परिसर पहुंचे। जहां किसानों ने सिंचाई सृजन जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अर्जून प्रसाद को ज्ञापन सौंपा है। इस पर मुख्य अभियंता ने मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया। किसानों ने कहा कि मांगें पूरी होने तक संघर्ष रहेगा जारी रहेगा। उत्तर कोयल नहर के मुख्य शाखा में 211 आरडी पर सीआर गेट में फाटक लगाने और नहर में बनाए गए अवैध दीवार को हटाने, चेईं नवादा, कोटवारा एवं अंगरा कैनाल की सफाई करवाने एवं खरीफ फसल वर्ष 2026 में पानी देने की गारंटी करने, इस्माइलपुर और देव रोड हाल्ट के पास नहर पर रेल पुल बनाने, कुटकू डैम में फाटक लगाने आदि मांगों से युक्त ज्ञापन मुख्य अभियंता को सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल में मोर्चा के सचिव बालेश्वर प्रसाद यादव, अध्यक्ष साथी नंदलाल सिंह, कोषाध्यक्ष साथी उपेन्द्र कुमार, उपसचिव साथी अशोक यादव, साथी विनोद प्रसाद एवं साथी गोपाल कुमार शामिल हुए। प्रतिवाद मार्च के दौरान सभा का संचालन धनेश यादव किया। सभा में एलके बिंदु , राम उदय व्यास, सुखींद्र कुमार अपने गायन से मांगों को बुलंद करते रहे।

# अक्षय तृतीया पर अंबा में मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। वैशाख शुक्ल पक्ष की पावन तिथि अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय अंबा में रविवार को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इसको लेकर ब्रह्मर्षि विकास एवं जनकल्याण मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक हरदत्ता स्थित कार्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अजीत पांडेय ने की। बैठक में मंच के अध्यक्ष ने जानकारी दी कि संगठन के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा बैंक में खाता भी खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि परशुराम जयंती के अवसर पर न केवल धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, बल्कि मंच द्वारा जनकल्याण से जुड़े सामाजिक कार्य भी किए जाएंगे। मंच का मुख्य उद्देश्य धार्मिक, सामाजिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाना है।
जयंती समारोह की तैयारी को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि इस अवसर पर समाज के बुजुर्गों एवं समाजसेवियों को भगवान परशुराम के छायाचित्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया



जाएगा। इस जिम्मेदारी कोषाध्यक्ष रोशन कुमार, श्रीमन कुमार एवं धीरज पांडेय को सौंपी गई। साथ ही यह भी तय किया गया कि समिति के सभी सदस्य आसपास के गांवों में जाकर कार्यक्रम की जानकारी देंगे और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। बैठक में राधे कृष्ण पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय, अजय पांडेय, राजीव पांडेय, चंदन तिवारी, मुकेश पांडेय, ओमप्रकाश शर्मा, ललन सिंह, अभय पांडेय सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# आग लगने की संभावित परिस्थितियों व उससे बचाव के उपाय पर जागरूकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 से 20 अप्रैल 2026) के अवसर पर शुक्रवार को जिले में विभिन्न अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत आमजन को आग से बचाव, सतर्कता एवं आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में अनुमंडल अग्निशामालय, औरंगाबाद के अंतर्गत हाईवे हॉस्पिटल, मधु पार्क होटल, एम.जी. रोड एवं गंगा रेजिडेंशियल, एम.जी. रोड, औरंगाबाद में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सहायक अग्निशमन पदाधिकारी रामाकांत सिंह, अग्निक चालक मंजीत कुमार पांडे, अग्निक संतोष कुमार सिंह एवं अमीषा कुमारी के साथ संबंधित



संस्थानों के प्रबंधक एवं कर्मी उपस्थित रहे तथा सभी को अग्निशमन यंत्रों के उपयोग एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। वहीं अनुमंडल अग्निशामालय, दाउदनगर के अंतर्गत विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता के सहयोग से घनी आबादी वाले क्षेत्रों जैसे चूड़ी बाजार, मेहंदी बाजार तथा याराना रेस्टोरेंट मॉकटेल बार, दाउदनगर में भी अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सहायक अग्निशमन पदाधिकारी, दाउदनगर सोनाली कुमारी, सहायक उप अग्निशमन पदाधिकारी अभिषेक कुमार, प्रधान अग्निक महेश यादव, अग्नि चालक प्रमोद कुमार एवं अग्निक नीतीश कुमार एवं राजन कुमार सहित संबंधित संस्थानों के प्रबंधक एवं कर्मी उपस्थित रहे।
उक्त कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को आग लगने की संभावित परिस्थितियों, उससे बचाव के उपायों एवं आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया के संबंध में जागरूक किया गया तथा अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जाने की जानकारी दी गई।

### अदरी नदी के अतिक्रमणकारियों के खिलाफ़ नोटिस निर्गत



**औरंगाबाद**। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के आलोक में जिला मुख्यालय स्थित अदरी नदी के सौंदर्यीकरण एवं नदी तट विकास कार्य के संबंध में अदरी नदी के समीप अवस्थित अवैध अतिक्रमित भूमि का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस निर्गत किया गया। विदित हो कि प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणा के तहत अदरी नदी के सौंदर्यीकरण एवं नदी तट विकास का कार्य कराया जा रहा है। इस क्रम में अदरी नदी के तट पर राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के समीप कामा बिगहा से अब्दुल कलाम पार्क, औरंगाबाद तक लगभग 03 किलोमीटर की लंबाई में विभिन्न स्थलों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिसके कारण कार्य के समयबद्ध निष्पादन में बाधा उत्पन्न हो रही है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से बसे लोगों को निर्धारित समय सीमा के भीतर स्वयं भूमि खाली करने हेतु निर्देशित करते हुए नोटिस निर्गत किया गया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अमीन द्वारा संबंधित भूमि की मापी भी कराई गई। इसके अतिरिक्त अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि अतिक्रमित भूमि पर बसे लोगों के पुनर्वास हेतु वैकल्पिक भूमि चिन्हित की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को व्यवस्थित रूप से बसाया जा सके और विकास कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

# औरंगाबाद में 1,814 पांडुलिपियों का सर्वेक्षण पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "ज्ञान भारतम् मिशन" के अंतर्गत राज्य में पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन के प्रगति की समीक्षा हेतु सभी जिलों के जिलाधिकारियों के साथ बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा (भा.प्र.से.), अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव, बिहार द्वारा बताया गया कि "ज्ञान भारतम् मिशन" भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण फ्लैगशिप पहल है, जिसका उद्देश्य देश की समृद्ध ज्ञान परंपरा, ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं प्राचीन पाण्डुलिपियों का संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन कर उन्हें भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है ताकि उनमें निहित





ज्ञान का शोध, अनुवाद एवं प्रकाशन के माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रसार हो सके। उन्होंने बताया कि न्यूनतम 75 वर्ष या उससे अधिक पुराने हस्तलिखित दस्तावेज, जो कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़ा, धातु अथवा अन्य पारंपरिक माध्यमों पर लिखे गए हों, उनका सर्वेक्षण एवं डिजिटाइजेशन किया जाना है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बिहार राज्य में अब तक 433 सर्वे सत्यापित किए गए हैं जो कुल का 15 प्रतिशत है, जबकि 2413 सर्वे अस्वीकृत किए गए हैं जो 85 प्रतिशत है तथा कुल 6,19,051 पाण्डुलिपियों की पहचान की जा चुकी है। राज्यवार प्रगति में बिहार तृतीय स्थान पर है। 16 अप्रैल 2026 की स्थिति के अनुसार राजस्थान में 14,48,768, मध्य प्रदेश में 6,60,539 तथा बिहार में 6,19,051 पाण्डुलिपियां चिन्हित की गई हैं जबकि अन्य राज्यों में 29,30,340 पाण्डुलिपियां दर्ज की गई हैं। इस तरह देशभर में कुल 56,58,698 पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। औरंगाबाद जिला में अब तक 1,814 पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण पूर्ण किया गया है। मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि जिला स्तर पर गठित सर्वेयरों का समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए, सर्वे कार्य का नियमित अनुश्रवण किया जाए तथा महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संग्रहकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि एक ही स्थान की पाण्डुलिपियों को एक से अधिक बार अपलोड न किया जाए, अलग-अलग पृष्ठों को अलग पांडुलिपि मानकर अपलोड न किया जाए, प्रिंटेड पुस्तकें, सिक्के, सामान्य कार्यालयीन दस्तावेज एवं स्टाम्प पेपर को पांडुलिपि के रूप में अपलोड न किया जाए तथा नामित सर्वेयर के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति से सर्वे कार्य नहीं कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा "ज्ञान भारतम् मिशन" के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी नामित करते हुए एक समिति का गठन किया जा चुका है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया है कि जिले के अंतर्गत सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं जैसे मठ, मंदिर, पुस्तकालय, शैक्षणिक संस्थान, निजी संगठन एवं अन्य संस्थानों तथा व्यक्तियों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जाए तथा इसकी साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि जिन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के पास 75 वर्ष या उससे अधिक पुराने हस्तलिखित दस्तावेज सुरक्षित हैं, वे उनके डिजिटाइजेशन हेतु जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज के मोबाइल नंबर 7488153690 पर संपर्क करें। जिला प्रशासन द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया है कि पाण्डुलिपियां संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के स्वामित्व में ही सुरक्षित रहेंगी तथा उनका डिजिटाइजेशन कर भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित किया जाएगा।

# अंबेडकर जयंती पर उमड़ेगा जनसैलाब भव्य आयोजन की तैयारियां पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती को लेकर कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आगामी 19 अप्रैल को चिल्हकी हाई स्कूल अंबा के खेल मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में अनुयायियों के जुटने की संभावना है। आयोजन समिति ने इसे 'भव्य उत्सव' के रूप में मनाने के लिए कमर कस ली है। शुक्रवार को बैठक आयोजन कर जयंती समारोह की तैयारी पर चर्चा की गई। अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष शंभू चौधरी ने बताया कि जयंती के अवसर पर शहर को नीले झंडों से सजाया जा रहा है। मुख्य समारोह स्थल पर केवल उत्सव ही नहीं, बल्कि बौद्धिक चर्चाएं भी होंगी। "इस वर्ष 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के नारे को चरितार्थ करते हुए एक विशेष संगोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें शिक्षा और समानता पर विद्वान अपने विचार रखेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहेब के संघर्षों को याद किया जाएगा।" हजारों की भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। आयोजन स्थल पर पेयजल, समरसता भोज और सुचारू व्यवस्था के लिए वालंटियर्स की टोली तैनात की गई है। स्थानीय बस्तियों और गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग टोलियों में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। आयोजन समिति ने सभी से शांतिपूर्ण और अनुशासन के साथ उत्सव मनाने की अपील की है। बैठक में समिति के सचिव उदय कुमार, नंदलाल राम, अवधेश प्रसाद, विनय राम, अविनाश कुमार, अजय राम, श्रवण कुमार, जयराम राम, गोपाल राम, आनंद कुमार अकेला, गुप्तेश्वर प्रसाद, लाल कुमार वर्मा, शंभू शरण, श्रीकांत कुमार सिंह, विनय कुमार, श्रवण दास, मिथिलेश कुमार, जगनारायण मेहता, दिनेश राम आदि लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बुके देकर किया स्वागत

**हसपुरा**। बिहार के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण संयोजक परशुराम वर्मा ने पटना में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को बुके भेंट कर स्वागत किया तथा बिहार के विकास और संगठनात्मक विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान परशुराम वर्मा ने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा को प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे संगठनात्मक ढांचे को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। साथ ही ओबीसी मोर्चा के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# विवेकानंद मिशन स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । सीबीएसई मैट्रिक परीक्षा में बेहतर सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ विवेकानंद मिशन स्कूल में सम्मानित किया गया। प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने सभी को बधाई दिया। कहा कि विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों और संस्थान के शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान इस सफलता में निहित है। प्रेरित किया। बताया कि कुल 332 विद्यार्थी शामिल हुए थे। शत- प्रतिशत सफलता मिली है। कुल 17 छात्र - छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। दाउदनगर के देवदत्तपुर निवासी सत्येंद्र कुमार-रुना देवी दंपति के पुत्र रोनित राज ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। अरवल जिले के कलेर निवासी इशरत जहां- मो सरफराज दंपति की



पुत्री नूरसबा ने 96.8 प्रतिशत,रोहतास जिले के तिलौथू के टिकरापुर निवासी सुनीता कुमारी -उमेश कुमार सिंह दंपति की पुत्री काजल राज ने 95 प्रतिशत, दाउदनगर के मौलाबाग सूर्य मंदिर के पास निवासी मीशा भारती-उपेंद्र सिंह दंपति की पुत्री श्रेया भारती ने 94.8 प्रतिशत, हसपुरा के पीरु निवासी निवासी मो जाकिर हुसैन-साहिन खातून की पुत्री आमना खान ने 93.8 प्रतिशत, पुराना शहर निवासी अंजुम फातमा- मो परवेज आलम की पुत्री अमरीन परवेज ने 94.8 प्रतिशत, सिनेमा हॉल के पास के निवासी पुष्पा देवी- सुनील कुमार दंपति के पुत्र हर्षित कुमार ने 92.8 प्रतिशत, रोहतास जिले के गरवट बिगहा डेहरी निवासी नरेंद्र प्रसाद मेहता- ललिता देवी दंपति के पुत्र सूर्यदेव मेहता ने 92.6 प्रतिशत, तिलौथू निवासी रेणु देवी- राजकुमार की पुत्री राशि कुमारी ने 92.02 प्रतिशत ,दाउदनगर के वार्ड संख्या नौ निवासी सरिता सिंह-पूर्णेन्दु कुमार दंपति की पुत्री प्रीतिका शाक्या ने 92.6 प्रतिशत, अरवल जिले के कलेर निवासी पूनम कुमारी -वीरेंद्र प्रसाद की पुत्री खुशी गुप्ता ने 92 प्रतिशत, मेहंदिया के राजखरसा निवासी अंजू कुमारी- पिंटू कुमार पंडित के पुत्र अनुराग कुमार ने 91.6 प्रतिशत, रोहतास के नासरीज निवासी शबाना परवीन- मो सिराजुल हक की पुत्री नगमा परवीण ने 91.8 प्रतिशत, अरवल के सवजपुरा निवासी सोनी देवी- सत्य प्रकाश प्रभाकर की पुत्री लक्ष्मी कुमारी ने 91 प्रतिशत, रोहतास के तिलौथू निवासी गीता देवी- ब्रजकिशोर चौधरी की पुत्री सुकृति कुमारी ने 90.6 प्रतिशत ,अरवल के राजखरसा मेहंदिया निवासी सविता देवी -युगल पासवान के पुत्र रॉकी कुमार ने 91.6 प्रतिशत तथा दाउदनगर के भखरुआं मोड़ निवासी रागिनी देवी -सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता के की पुत्री अंशिका गुप्ता ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं. रौनित राज ने अंग्रेजी में 96, नूर सबा ने हिंदी में 99, रौनित राज, प्रेम कुमार एवं श्रेया कुमारी ने संस्कृत में 100 अंक, मानक गणित में नूरसबा ने 97, विज्ञान में रौनित राज ने 99, सामाजिक विज्ञान में अमरीन परवेज ने 98,आईटी में रौनित राज ने 97 अंक तथा म्यूजिक में अमीषा राज एवं खितिजा सिन्हा ने 98 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अपने संदेश में निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आगे संघर्ष और परिश्रम की भट्टी में तपा कर जीवन को गढंने का प्रयास करें, तभी जीवन की बगिया पुष्पित एवं पवित्र होकर महक उठेगा। प्राचार्य शैलेश कुमार शर्मा ने भी बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी पढ़ाई में बेहतर परिणाम लाने की प्रेरणा दी।

# गर्मी एवं लू के साथ एचपीवी टीकाकरण को प्रभावी रूप से हो क्रियान्वयन : अभिलाषा

**नबिटा संवाददाता**

**औरंगाबाद**। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित योजना भवन में की गई जिसमें स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य संकेतकों की प्रगति प्रतिवेदन के साथ-साथ गर्मी एवं लू के मद्देनज़र स्वास्थ्य संस्थानों की तैयारी, स्वास्थ्य केंद्रों के कार्यरत रहने की स्थिति, एचपीवी टीकाकरण तथा टीबी मुक्त भारत अभियान आदि पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।
जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी सरकारी अस्पतालों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के इलाज हेतु आवश्यक दवाओं, ओआरएस, आईवी फ्लूड एवं वातानुकूलित बेड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा जिले में उपलब्ध सभी एंबुलेंस को तत्पर रखा जाए। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया तथा वैक्सीनेशन की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। इस क्रम में रफीगंज, गोह, सदर प्रखंड, देव एवं कुटुंबा के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधकों से स्पष्टीकरण पृच्छा का निर्देश दिया गया। जिले में अब तक प्रथम डोज के सापेक्ष द्वितीय डोज का कवरेज अपेक्षाकृत कम है, इस पर जिलाधिकारी ने विशेष चिंता जताते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार कर समयबद्ध तरीके से दूसरा डोज दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस को भी अभियान में सक्रिय सहयोग करने का निर्देश दिया, ताकि स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से अधिक से अधिक किशोरियों तक पहुंच बनाई जा सके। साथ ही, अभिभावकों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें।
इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ-साथ, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस एवं पंचायती राज विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे तथा सभी प्रखंडों के वीडियो एवं सीओ तथा अन्य पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाय तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध रूप से पहुंचाया जाय। उन्होंने विशेष रूप से मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में तेजी लाने का निर्देश दिया।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)
प्रेस विज्ञप्ति

**बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय–नालंदा, कैमूर, कटिहार, जमुई एवं मुजफ्फरपुर में नामांकन हेतु सूचना**

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–1228 दिनांक 25.03.2026 द्वारा बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजना अन्तर्गत विभागीय ज्ञापांक–1228 दिनांक–25.03.2026 के आलोक में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय नालंदा, कैमूर, कटिहार, जमुई एवं मुजफ्फरपुर में नामांकन हेतु शैक्षणिक सत्र 2026–27 में वर्ग–09वीं से वर्ग–12वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में छात्र/छात्राओं के प्रवेश परीक्षा के उद्देश्य से ऑनलाईन minoritywelfare/CitizenHome.html के माध्यम से आवेदन की तिथि 01 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक निर्धारित है।
अतः औरंगाबाद जिले अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदायों के यथा (मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, जैन एवं बौद्ध) के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय कटिहार, जमुई नालंदा, मुजफ्फरपुर एवं कैमूर में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते है।

पात्रता :–
- बिहार के अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, जैन एवं बौद्ध)
- वर्ग–9 के लिए नामांकन हेतु अधिकतम आयु सीमा 16 वर्ष एवं वर्ग–11 के लिए 18 वर्ष
- परिवारिक वार्षिक आय अधिकतम 6 लाख रूपये
- चयन : 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा (2 घंटे)
- नामांकन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार होगा

आरक्षण :–
- 50% बालिकाओं के लिए आरक्षित
- 75% ग्रामीण विद्यार्थीयों के लिए आरक्षित
- वर्तमान आरक्षण नीति लागू

नोटः–अधिक जानकारी के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद के **दूरभाष संख्या–06186 – 295017** पर संपर्क कर सकते है।

सहायक निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, औरंगाबाद

PR- 001121 ( Minority Welfare ) 2026-27

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# बच्चों को नियमित अखबार पढ़ने की डालें आदत : राज्यपाल

## अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ जीडी गोयनका स्कूल का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शहर के लाखो स्थित जीडी गोयनका स्कूल का विधिवत उद्घाटन शुक्रवार को बिहार के 43वें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने किया। शुक्रवार को दिन के 11 बजे के करीब पटना से सड़क मार्ग द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचे महामहिम ने विद्यालय परिसर में भव्य समारोह का फीता काटकर स्कूल का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महामहिम श्री हसनैन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को आशीर्वचन देते हुए शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार होती है। ऐसे आधुनिक शैक्षणिक संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और निरंतर सीखने की आदत विकसित करने की सलाह दी। साथ ही अपने संबोधन में राज्यपाल ने पढ़ने की संस्कृति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वे स्वयं प्रतिदिन सुबह 5 अखबार पढ़ते हैं और इसे ज्ञान का एक सशक्त माध्यम मानते हैं। उन्होंने कहा कि अखबार के माध्यम से देश-दुनिया की विभिन्न विषयों की जानकारी मिलती है। जो बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होती है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विद्यार्थियों को किताबें और अखबार पढ़ने की आदत डालनी चाहिए ताकि उनका दृष्टिकोण व्यापक हो सके। राज्यपाल ने आधुनिक दौर में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यद्यपि यह सूचना का एक तेज माध्यम है। लेकिन पुस्तकों और अखबारों का महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों को स्क्रीन से एक दिन ऑफलाइन की आदत डलवाये। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मीता कुमारी ने की। कार्यक्रम में नगर विधायक कुंदन कुमार, तेघरा विधायक रजनीश कुमार, कुलपति मुंगेर विवि भी मंचासीन थे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गुप्ता, आकाश कुमार, पवन कुमार गुप्ता, संथापक परिवार के सदस्य, अभिभावक, डीएम श्रीकांत त्रिपाठी, एसपी श्री मनीष, सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडेय सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा व्यापक और सुव्यवस्थित तैयारियां की गई थीं। जिससे पूरा आयोजन गरिमामय और यादगार बन गया।

# न्यायालय ने सुनायी पांच वर्षों की सश्रम सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए ब्रजेश कुमार सिंह की न्यायालय ने अभियोजन साक्ष्य के आधार पर बलिया थाना क्षेत्र के लखमिनियाँ निवासी बन्दे यादव, महेश्वर तांती को भादवि की धारा 325/34 में पांच वर्ष सश्रम सजा एवं दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा अर्थदंड की राशि जमा नही करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा एवं धारा 323/ 34 में एक वर्ष की सश्रम सजा एवं एक हजार अर्थदंड की सजा अर्थदंड की राशि जमा नही करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा सुनायी। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने चार साक्षियों का साक्ष्य न्यायालय में करवायी। जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया। जिसके आधार पर न्यायालय ने अभियुक्तों को सजा सुनायी स अभियुक्तों पर आरोप है कि दिनांक 2.11.2009 को 7 बजे सुबह में जब सूचक नन्द किशोर सिंह अपने ग्रामीण चंद्र किशोर सिंह के साथ मोटर साइकिल से बलिया बाजार खाद लाने के लिए जा रहा था। रास्ते में साधु बाबा स्थान के पास मिठू यादव, बन्दे यादव, महेश्वर तांती, बचन भारती एवं अन्य अज्ञात मिलकर घेर लिया एवं मिठू यादव के आदेश पर बन्दे यादव गोली चलायी जो कि नही लगा। उसके बाद महेश्वर तांती रॉड से सूचक के पैर एवं कलेजा में मारा बन्दे यादव पिस्तौल के बट से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। एवं सूचक के पकेट से दस हजार रुपया, मोटर साइकिल का चाभी एवं मोबाइल ले लिया। अभियुक्तों के विरूद्ध सूचक नन्द किशोर सिंह बलिया थाना काण्ड संख्या 197/2009 दर्ज करवायी थी। मिठू यादव की मृत्यु मुकदमा के विचारण के दौरान हो गयी।

# पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वीरपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से दो वारंटियों को वीरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया मलहडीह गांव निवासी इंद्रदेव सहनी जो थाना कांड संख्या 07/14 एवं वीरपुर पश्चिम वार्ड संख्या 13 गांव निवासी सुरेंद्र यादव जो वीरपुर थाना कांड संख्या 154/21 के विभिन्न धाराओं के तहत न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायलय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है। पुलिस को इन दोनों को तलाश थी।

# विद्यालय में प्रवेशोत्सव जागरुकता अभियान

## साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को दी गई जानकारी

### 6-14 वर्ष के बच्चों को 20 अप्रैल तक नि:शुल्क नामांकन की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के हसनपुर बागर पंचायत के मध्य विद्यालय चकमुजफ्फर में प्रवेशोत्सव सह विशेष नामांकन अभियान के तहत शुक्रवार को जागरुकता अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली के पूर्व विद्यालय परिसर में जागरुकता सभा का आयोजन किया गया। वरिष्ट शिक्षक कन्हैया कुमार ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा विभाग की योजनाओं यथा पोशाक, छात्रवृति, नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तक, मध्याह्न भोजन सहित अन्य सरकारी लाभ आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अभिभावकों को अपने 6-14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे, बच्चियों को विद्यालय में 20 अप्रैल तक नि-शुल्क नामांकन कराने की अपील की। साइकिल रैली में शामिल विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने आधी रोटी खायेगें, फिर भी स्कूल जायेगें, हमारा नारा, इस बार नामांकन से छूटे नहीं कोई बच्चा, 6-14 साल के बच्चों का निशुल्क नामांकन कराइये, सरकारी योजनाओं को सफल बनाइये आदि स्लोगन लगाते हुए चक मुजफ्फर मुशहरी, वार्ड संख्या 13, 14 शेखपुरा भ्रमण करते हुए क्षेत्र के अभिभावकों को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने हेतु जागरुक किया। साइकिल रैली पुनः घुमकर विद्यालय लौटा। इससे क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला। रैली का नेतृत्व प्रधानाध्यापिका इन्दु कुमारी, कल्पना कुमारी, अंजली कुमारी, प्रवीण कुमार आदि ने किया।

# नागरिक सुविधाजनक व पारदर्शी तरीके से करें स्वगणना : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा शुक्रवार को भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत अपना स्व-गणना कार्य पूर्ण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे जनगणना के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए निर्धारित पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी गणना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने कहा कि स्व-गणना की यह व्यवस्था नागरिकों को सुविधाजनक, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर प्रदान करती है। इससे न केवल प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी, बल्कि जनगणना की गुणवत्ता और सटीकता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आम लोगों को स्व-गणना की प्रक्रिया के प्रति जागरुक करें तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं और नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस राष्ट्रीय कार्य में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## डिजिटल गृह जनगणना का दिया गया प्रशिक्षण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के एपीएस प्लस टू विद्यालय नावकोठी के सभागार में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु मकान सूची करण एवं मकानों की गणना प्रशिक्षण शुक्रवार के दूसरे दिन प्रशिक्षुओं को एचएलओ ऐप से डेटा संग्रह करने का हैण्ड्सऑन प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जनगणना से संबंधित सभी 34 प्रश्नों की संकल्पनाएं और परिभाषाओं को स्पष्ट करते हुए एचएलओ ऐप पर डाटा अपलोड करने एवं आम नागरिकों द्वारा स्वगणना किये हुए डेटा का सत्यापन एवं पुष्टि करने की जानकारी फील्ड ट्रेनर कुमुद रंजन, विकास कुमार, अभय कुमार एवं संदीप कुमार के द्वारा प्रगणको को दी गई। डिजिटल कार्य प्रणाली से जनगणना कार्य हेतु मोटी मोटी फाइलों से अब छुटकारा मिलेगा। श्री कुमार के द्वारा उत्तर भरने की विधि एचएलओ सुपरवाइजर ऐप का उपयोग करके पर्यवेक्षक द्वारा डाटा सत्यापन, स्वगणना में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की भूमिका, ऐप के उपयोग में क्या करें और क्या न करें तथा डेटा सुरक्षा पर भी प्रकाश डाला गया। मौके पर प्रधानाध्यापक गणेश झा, विभाकर कुमार, अरूण कुमार, नंदकिशोर पंडित, संतोष कुमार, राजेश कुमार, रविंद्र कुमार, धर्मशील कुमार, शैलेश सिंह, गुड़िया कुमारी, खुशनुमा बेगम समेत सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# प्रखंड के चार पैक्सों में 20 को होगा मतदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के चार कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (पैक्स) में 20 अप्रैल को होने वाले मतदान हेतु सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि पहसारा पश्चिमी, पहसारा पूर्वी, विष्णुपुर तथा समसा में अध्यक्ष तथा पहसारा पूर्वी में सामान्य कोटि तथा अनुसूचित जाति कोटि के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों का मतदान होना है। पहसारा पश्चिमी पैक्स के लिए गर्ल्स स्कूल पहसारा में चार मतदान केंद्र बनाये गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर 2577 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वही पहसारा पूर्वी में पैक्स गोदाम पर दो मतदान केंद्र बनाये गए हैं, इन मतदान केंद्रों पर 1399 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। विष्णुपुर में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर में दो मतदान केंद्रों पर 1399 मतदाता मतदान करेंगे। वही श्री लषण मिडिल स्कूल समसा के दो मतदान केंद्रों पर 1397 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए पांच दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों तक जाने तथा अन्य मतदान सामग्री को पहुंचाने हेतु वाहन कोषांग गठित कर उपयुक्त होने वाले वाहनों की व्यवस्था कर ली गई है। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना 20 अप्रैल को एपीएस् 2 स्कूल नावकोठी में होगी।

# कांग्रेस के संगठन सृजन हेतु सभी प्रखंडों में प्रभारी नियुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस भवन में संगठन सृजन अभियान को सफल बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं को संगठन में जोड़ने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष गरीब दास ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संगठन सृजन एवं जनसंपर्क अभियान को मिशन मोड में चलाने का आह्वान किया। बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए जिले के सभी प्रखंडों में इस अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए प्रखंडवार कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया। नियुक्त प्रभारी अपने-अपने प्रखंडों में जिला के सभी पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी एवं सभी पूर्व जिला अध्यक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान एवं कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रमों को सफल बनाने की जिम्मेदारी निभाएंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है कि संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करना है, ताकि आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जा सके। उन्होंने सभी प्रभारी एवं कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन, उपाध्यक्ष रामविलास सिंह, कांग्रेस नेता रामानंद सिंह, नगर अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस, लखन पासवान, हारून रशीद, केडी हिमांशु, सुबोध सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अवनीश कुमार, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष राम स्वार्थ साह, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, राजदेव पासवान, मुरलीधर मुरारी, गिरधर गोपाल सहित उपस्थित सभी गणमान्य वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# 9 मई को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहअध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आगामी 9 मई को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेगूसराय द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय के साथ-साथ जिले के सभी अनुमंडलीय न्यायालयों में भी किया जाएगा। इसके अंतर्गत तेघड़ा, बलिया, मंझौल तथा बखरी अनुमंडल न्यायालयों के अतिरिक्त रेलवे न्यायालय, बेगूसराय में भी लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा निर्देशित किया गया है कि लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जाए। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आम जनता को त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराना है।जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेगूसराय द्वारा आम जनों से अपील की गई है कि वे 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेकर सुलह योग्य दीवानी एवं फौजदारी मामलों का त्वरित निपटारा कराएं। इसके लिए संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में अग्निशमन विभाग द्वारा छात्रों को दी गई सुरक्षा की जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**अररिया।** अग्निशमन सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल) के तहत मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल, अररिया में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को आग से बचाव के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हाथों में अग्निशमन संबंधी स्लोगन लेकर अररिया आरएस क्षेत्र में नगर भ्रमण किया और लोगों को आग से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। विद्यालय परिसर में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान बच्चों को एलपीजी गैस सिलेंडर में लगी आग को सुरक्षित तरीके से बुझाने की विधि सिखाई गई। साथ ही क्व२ग आधारित फायर सिलेंडर के उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। आपात स्थिति में कृत्रिम स्ट्रेचर बनाकर घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के तरीके और रेस्क्यू ऑपरेशन की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अग्नि सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पाराशर त्यागी, प्रशासनिक पदाधिकारी अभिनंदन नौटियाल, वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन झा, राजेश गुप्ता, भीम रॉय, कौशिक घोष, सौविक घोष सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं अग्निशमन दल का नेतृत्व जिला अग्निशमन पदाधिकारी अशोक प्रसाद ठाकुर कर रहे थे। उनके साथ अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी रामानंद प्रसाद, सहायक अग्निशमन पदाधिकारी चंदन शर्मा, प्रधान अग्निशमन पदाधिकारी सिकंदर दास सहित कई अन्य कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अग्निशमन दल के सदस्यों को उपहार एवं कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही हिंदू पंचांग के अनुसार प्रथम वैशाख के अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर नववर्ष का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

# वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट लागू करे सरकार : शिवेंद्र

## बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में लिए गए कई निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** लक्ष्मीश्वर पब्लिक लाइब्रेरी, लालबाग परिसर में बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन के एनईसी सदस्य शिवेंद्र नारायण सिंह उपस्थित रहे। उनके आगमन पर पत्रकारों ने पारंपरिक पाग, चादर और माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया, जिससे माहौल गरिमामय और उत्साहपूर्ण बन गया। बैठक में पत्रकारों के हितों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। खासतौर पर पत्रकारों की पेंशन नियमावली में संशोधन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सभी सदस्यों ने एकमत होकर यह निर्णय लिया कि इस विषय को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाए, ताकि पत्रकारों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। अपने संबोधन में शिवेंद्र नारायण सिंह ने सरकार से स्पष्ट शब्दों में मांग की कि वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि पत्रकारों को उनका अधिकार और सम्मान मिल सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने के लिए पत्रकारों की सुरक्षा और सुविधाएं सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने दरभंगा में राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मेलन आयोजित करने और इस सम्मेलन में केंद्रीय पत्रकार प्रतिनिधि के शामिल होने की मंशा जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन यूनियन के महासचिव शशि मोहन भारद्वाज ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में पत्रकारों को बस और रेल यात्रा में रियायत देने की मांग को प्रमुखता से उठाया और इसे सरकार तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के अध्यक्ष अमरेश्वरी चरण सिन्हा ने कहा कि आज का समय पत्रकारों के लिए कई चुनौतियां लेकर आया है, ऐसे में एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पत्रकार केवल खबरों के वाहक नहीं, बल्कि समाज के सच को सामने लाने वाले सजग प्रहरी हैं। सरकारों को चाहिए कि वह पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से लें और वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट को जल्द से जल्द लागू कर उन्हें कानूनी संरक्षण प्रदान करें। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों के पेंशन, बीमा और अन्य सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यूनियन हमेशा पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और आगे भी हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगा। अंत में उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे एकजुट रहकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करें, तभी सकारात्मक बदलाव संभव हो पाएगा। बैठक में पत्रकार सुनील कुमार मिश्रा, पुनीत कुमार सिन्हा, संजीव कुमार, प्रवीण कुमार चौधरी, मनोज कुमार, विशाल कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रकाश झा, शशि भूषण चौधरी, दीपक कुमार, संतोष चौधरी, रवि प्रकाश, राकेश कुमार समेत कई पत्रकार उपस्थित रहे।

# संगठित अपराध व अपराधी गिरोहों को पनपने नहीं दिया जाएगा : आइजी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी/कटिहार।** शुक्रवार को पुर्णियां पुलिस महानिरीक्षक डॉ. विवेकानंद ने मनिहारी थाना का निरीक्षण किया। उनके आगमन पर पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा उनके सम्मान ने गार्ड आफ आनर प्रस्तुत की गयी। सलामी दी गयी।आईजी ने मनिहारी थाना क्षेत्र में घटित आपराधिक घटनाओं व इस दिशा में की गयी पुलिया कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होने अपराध व लंवित कांडों के निष्पादन के प्रति संतोष जताया, लेकिन कांडों के प्रतिवेदन व इसकी समुचित प्रवृष्टि के उदासीनता से असंतोष जताते हुए इस दिशा मे सुधार के निर्देश दिये। कहा ड्राई स्टेट बिहार में सूखानशा के प्रति बढती प्रवृति एक नयी चुनौती है. सीमांचल के जिलों में पुलिस अधीक्षकों को इस दिशा मे रणनीति बनाकर इसकी सप्लाई स्रोत पर प्रहार करने के निर्देश दिये गये हैं। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता मे शामिल बताया। उन्होनें मनिहारी थाने में जनता की समस्या की सुनवाई के प्रति संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिये। आई जी श्री आनंद ने मनिहारी थाना के सिरिसता कार्यालय का निरीक्षण, परिसर की साफ सफाई, सुरक्षा, व अन्य विभागों का भी मुआयना किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, मनिहारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद कुमार, पुलिस निरीक्षक पप्पु कुमार, थानाध्यक्ष पंकज आनंद सहित बडी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहे।

# संतुलित उर्वरक प्रयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि मंत्रालय द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में 'उर्वरकों के संतुलित प्रयोग एवं समेकित उर्वरक प्रबंध-न' विषय पर आत्मा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, भोजपुर के संयुक्त तत्वाधान में विशेष जागयकता अभियान के तहत कृषि भवन के सभागार एवं प्रखंड कृषि कार्यालय बड़हरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गयी। उक्त कार्यक्रम में कृषक एवं प्रसार कर्मी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। कृषि भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, भोजपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, सहायक निदेशक, शष्य प्रक्षेत्र, सहायक निदेशक, विपण्न एवं उप परियोजना निदेशक, आत्मा,




भोजपुर वक्ता के रूप में सम्मिलीत हुए। जिला कृषि पदाधिकारी- सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, भोजपुर द्वारा जिले में मानक से विपरीत उर्वरक, विशेषकर यूरीया एवं डीएपी के खपत पर चिंता व्यक्त की एवं मिट्टी जाच के उपरांत मानक के अनुरूप उर्वरक एवं वैकल्पिक स्त्रोतो के प्रयोग की बात कही। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 अनिल कुमार यादव द्वारा खरीफ एवं रबी मौसम में जिले के फसल चक्र के अनुरूप उर्वरक प्रयोग के बारे में बताया गया। सहायक निदेशक़, शष्य प्रक्षेत्र द्वारा उर्वरकों का फसलों द्वारा अवशोषण एवं दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। उप परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा फसल चक्र में परिवर्तन कर रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में कटौती करने पर बल दिया गया। संतुलीत उर्वरक प्रयोग संबंधी जागरूकता कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंडों में दिनांक 16.04.2026 से 24.04.2026 तक आयोजित किये जायेगें।

# सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के सभी टॉपर्स को किया गया सम्मानित

## 315 छात्रों में 173 छात्र प्रथम श्रेणी से रहे उत्तीर्ण, स्कूल टॉपर्स छात्र-छात्राओं को कक्षा 11, 12 में मुफ्त पढ़ाई की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा (भोजपुर)।** एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी बाली सोनवर्षा में आज सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल आए सभी छात्र-छात्राओं को मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर सभी मेधावी छात्रों के माता-पिता एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे। अपनी मेहनत और लगन के बल पर कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च एवं उत्कृष्ट मार्क्स प्राप्त करने वाले छात्रों में विवेक कुमार पिता पप्पू कुमार साह ने 94.4% मार्क्स प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का काम किया। दूसरे स्थान पर निशा कुमारी 94.2% तथा तीसरे स्थान पर आदर्श श्रीवास्तव 92.2% अंकों के साथ स्कूल टॉपर बनने का काम किया। इसके साथ-साथ आरूषी कुमारी 91.8%, रिया कुमारी 86.6%, मोहम्मद सरफराज आलम 85.8%, रोहन कुमार 85.2%, दिव्या कुमारी 83.9%, अनुष्का कुमारी 83.6%, कुमार अमन राज 83.6%, अमिताभ मिश्रा 82.4%, आदर्श राज 81.8%, बालाजी शर्मा 81.6%, पल्लवी कुमारी 81.5% आलोक कुमार 81.2%, आयुष पांडे 80%, शुभम कुमार 79.4% मार्क्स प्राप्त कर अपने साथ-साथ अपने माता-पिता गुरुजनों एवं क्षेत्र के समस्त बुद्धिजीवियों के मान सम्मान को ऊंचा बनाए रखने का काम किया है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंद कुमार सिंह ने बताया हमारे विद्यालय के शिक्षकों की अथक मेहनत और हमारे बच्चों का पढ़ाई के प्रति लगन का ही परिणाम है कि इस बार का कक्षा दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी बेहतर रहा। हमारे यहां कुल 315 छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा दी थी जिसमें शत-प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की। कुल 315 छात्र-छात्राओं में 173 छात्रों ने बेहतर अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार ने किया मौके पर गर्ल्स स्कूल के प्राचार्या सुमति सिंह शिक्षक रीता सिंह, राजेश्वरी कुमारी, सुष्मिता कुमारी, संतोष कुमार सिंह, रितेश कुमार, राजू कुमार, अमरजीत मिश्रा, सुभाष सिंह, सांची मिश्रा, नीतू मिश्रा, मालती कुमारी, राजेश कुमार, सरिता सिंह, चंदन कुमार समेत विद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# अधिकारियों ने बंदियों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

## पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंडल कारा का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की सुबह आरा मंभल कारा का निरीक्षण किया। जिसका नेतृत्व जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज ने की। निरीक्षण के दौरान मंडल कारा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं तथा विधि-व्यवस्था की स्थिति का गंभीरतापूर्वक मूल्यांकन किया गया। इसी क्रम में अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने, निगरानी तंत्र को सतत सक्रिय रखने तथा कारा संचालन से संबंधित निर्धारित मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, कारा प्रशासन को सुरक्षा, अनुशासन एवं बंदियों



की सुविधाओं के बीच संतुलन बनाए रखते हुए कार्य करने पर बल दिया गया। पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा जनसुरक्षा तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से निरंतर निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान शल्य चिकित्सा वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया एवं बंदियों से स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सकीय सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही, परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। अवसर पर जेल अधीक्षक (मंडल कारा, आरा), अनुमंडल पदाधिकारी सदर शिप्रा चौधरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 राजकुमार साह एवं अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहें।

# प्रशिक्षु सिपाहियों के परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** पुलिस अधीक्षक राज द्वारा नवीन पुलिस केन्द्र, भोजपुर (आरा) में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु सिपाहियों के परेड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली तथा परेड में शामिल पुलिसकर्मियों के पहनावे, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं परेड कौशल का निरीक्षण किया। साथ ही



परेड के दौरान पाई गई कमियों के निराकरण तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## 16 अपीलीय मामलों की हुई सुनवाई

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 16 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पंचायती राज विभाग विभाग से संबंधित मामले शामिल थे, जिनमें से कुल छह मामले को निष्पादित किया गया। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लंबित मामलों का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# जिला जनता दरबार में 18 मामलों की हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर वरीय उप समाहर्ता मीनू कुमारी द्वारा ईज ऑफ लिविंग के तहत शुक्रवार को जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 18 लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इसके बाद संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।

## डीएम ने स्व-गणना प्रक्रिया के तहत स्वयं घोषणा पत्र भरा

**आरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया के तहत अपने कार्यालय कक्ष में स्वयं घोषणा पत्र भरा। इस मौके पर जिला पदाधिकारी ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सक्रियता और उत्साह के साथ सहभागिता करें तथा अधिक से अधिक संख्या में इस प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: 15_2026-27, 16_2026-27 दिनांक 15.04.2026; सीनि. डीईएन/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधीन नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं ई-निविदा सं.; कार्य का विवरण; अनुमानित लागत; बयाना राशि:** (1) 15 _2026-27; एईएन/डानकुनी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डानकुनी के अधिकार क्षेत्र में चंदनपुर एवं शिवाईचंडी स्टेशन के प्लेटफॉर्म को ऊंचा करना एवं वर्तमान सतह का विकास; रु. 2,85,72,797.63 रु. 5,71,500; (2) 16_2026-27; एईएन/डानकुनी अनुभाग के कमारकुण्डु, चंदनपुर, गुड़ाप, बेलमुड़ी एवं जौग्राम में स्टाफ क्वार्टर, जल आपूर्ति का नवीनीकरण तथा रखरखाव कार्य तथा विविध कार्य तथा बेलानगर स्टेशन में डीसी ट्रैक सर्किट के स्थान पर ड्युअल डिटेक्शन प्रारूप में ड्युअल एमएसडीएसी का प्रावधान; रु. 2,08,69,790.17; रु. 4,17,400; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (दोनों के लिए)। **समापन अवधि:** 12 महीने (दोनों के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.05.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक (दोनों के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-26/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# जनगणना को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले में शुरु हुई जनगणना को लेकर जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी द्वारा आज जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने जन 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक स्व-गणना स्व गणना पोर्टल से किए जाने को लेकर बारी-बारी से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से समीक्षा की गई। कई प्रखंडों में गणना कार्य की अच्छी प्रगति पाई गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने प्रखंड में



जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मियों के साथ गणना कार्य को लेकर की गई बैठक के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जितने कार्यपालक सहायक हैं उन सभी को प्रशिक्षित कर दिया जाए। जितने भी पदाधिकारी हैं, कर्मचारी हैं उन सभी को प्रशिक्षित कर दिया जाए और सर्वप्रथम उनसे अपना स्वगणना पोर्टल पर डाटा अपलोड करने का कार्य कराया जाए और तत्पश्चात वे क्षेत्र में जाकर लोगों को प्रशिक्षित करेंगे। डॉ चौधरी ने वरीय पदाधिकारी भी क्षेत्र में जाकर टीम के कार्य को देखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें दो दिनों में स्व गणना कार्य में अच्छी प्रगति दिखनी चाहिए। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, अपर समाहर्ता दिनेश राम, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन कुंदन कुमार, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी का उपस्थित थे।

# स्व-गणना का शुभारंभ, 1 मई तक चलेगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अमरपुर (बांका)।** प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को स्व गणना का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का भी आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षक एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिक राज ने बताया कि वह स्व गणना की प्रक्रिया 17 अप्रैल से 1 मई तक चलेगी। इस अवधि में आम नागरिक घर बैठे स्वयं अपनी जनगणना कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्व गणना के लिए नागरिकों को आधिकारिक पोर्टल census.gov.in पर जाकर अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन करना होगा। लॉगिन के बाद अपने घर को चिन्हित करते हुए जियो टैगिंग करनी होगी, इसके उपरांत 34 बिंदुओं वाला जनगणना फॉर्म खुल जाएगा, जिसे सावधानीपूर्वक भरकर सबमिट करना आवश्यक है। फॉर्म सबमिट करने के बाद एक स्व गणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि 2 मई से जब घर-घर जाकर जनगणना की प्रक्रिया शुरू होगी तब प्रगणक प्रत्येक घर पर जाकर सत्यापन करेंगे। इस दौरान प्रगणक का पहला प्रश्न यही होगा कि क्या आपने स्व गणना की है, यदि उत्तर हां होता है तो संबंधित व्यक्ति को अपनी स्व गणना आईडी प्रगणक को दिखानी होगी। प्रगणक द्वारा आईडी का सत्यापन किए जाने के बाद ही जनगणना की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की वह इस डिजिटल पहल पर बढ़कर हिस्सा लें और समय रहते अपनी स्व गणना सुनिश्चित करें, ताकि जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर किया गया जागरुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अमरपुर (बांका)।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अक्षय तृतीया के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा अमरपुर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय बिशनपुर में बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम सखी वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और बाल विवाह व दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना था। जिला मिशन समन्वयक राज अंकुश शर्मा एवं लैंगिक विशेषज्ञ मोहम्मद आलम ने बाल विवाह को दंडनीय अपराध बताते हुए इसके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन नंबर 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की भी जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधानाध्यापक के द्वारा बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई गई। यह पहल बालिकाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## पोषण व बाल विकास को लेकर समीक्षात्मक बैठक

अमरपुर। रेफरल अस्पताल में शुक्रवार दिन के 1:00 पोषण व बाल विकास को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नीड्स एवं टाटा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। बैठक में बच्चों के ग्रोथ मॉनिटरिंग बद्व्रथ ट्रैकिंग और पोषण वाटिका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने समन्वय बढ़ाकर कुपोषण रोकने और मातृ शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में मुख्य रूप से सीडीपीओ सुशीला धान, महिला पर्यवेक्षिका आशा कुमारी, निकिता कुमारी, श्वेता कुमारी, बबिता कुमारी, अस्पताल प्रबंधक ऋषि कुमार स्वास्थ्य प्रबंधक यशराज सहित नोडल अधिकारी रंजू, मालती उपस्थिति रहे ।

# चलती बाइक पर बंदर का हमला, पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवादाता**

**अमरपुर।** थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब हादसा सामने आया है। अमरपुर-शाहकुंड मुख्य मार्ग पर चतुर्वेदी आश्रम के समीप चलती बाइक पर अचानक बंदर कूद पड़ा, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी बीबी तबस्सुम और उनके पति मो. फकरुजमा, बलुआ निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दोनों पति पत्नी बाइक पर सवार होकर पवई से अमरपुर आ रहे थे, तभी यह घटना घटित हुई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायल दंपति को आनन फानन में रेफरल अस्पताल अमरपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने दोनों का उपचार किया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस इलाके में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे इस तरह की घटना होने का खतरा लगातार बना रहता है।

# बारसोई में नये सीओ के रूप में उदयकांत चौधरी ने संभाला प्रभार

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बारसोई प्रखंड में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी कटिहार उदयकांत चौधरी ने अंचल पदाधिकारी के रूप में प्रभार ग्रहण किया। उन्हें बारसोई के प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद द्वारा औपचारिक रूप से प्रभार सौंपा गया। बताया जाता है कि इन दिनों पूरे बिहार राज्य में अंचल पदाधिकारी एवं कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इस हड़ताल के कारण अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों के प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में अंचल कार्यालयों के कार्य बाधित न हों। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य पदाधिकारियों को प्रभार दिया जा रहा है।

# कोइलवर में ओवर स्पीड मामले में ट्रक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर।** थाना पुलिस ने लापरवाह वाहन संचालन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए होमगार्ड जवान को घायल करने वाले ट्रक को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने बताया कि ओवरटेकिंग एवं निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने के कारण हुई इस घटना में ट्रक (निबंधन संख्या उट-24GC5089) को जब्त किया गया है। इस संबंध में कोईलवर थाना कांड संख्या 89/26 दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। वहीं, एक अन्य मामले में कोईलवर थाना कांड संख्या 88/26 के प्राथमिकी अभियुक्त सिनोज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के चक हसन गांव का निवासी बताया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को बंध पत्र के आधार पर थाने से ही जमानत दे दी गई।

# जिले में शुरू हुई डिजिटल जनगणना, 1 मई तक चलेगा अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारसोई/कटिहार।** बारसोई प्रखंड क्षेत्र में 17 अप्रैल 2026 से डिजिटल जनगणना अभियान की शुरुआत हो गई है। जो 1 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया को 100 प्रतिशत डिजिटल बनाया गया है। जिससे कार्य में तेजी और पारदर्शिता लाई जा सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने बताया कि डिजिटल माध्यम से जनगणना कराने का उद्देश्य समय की बचत के साथ-साथ सटीक आंकड़े जुटाना है। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था से विशेष रूप से प्रवासी मजदूरों को काफी सुविधा मिलेगी, जो अपने वर्तमान स्थान से ही अपना पंजीकरण आसानी से कर सकेंगे। बीडीओ ने बताया कि जनगणना के लिए एक विशेष मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से आम नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इससे लोगों को किसी कर्मी के इंतजार की आवश्यकता नहीं होगी और प्रक्रिया सरल हो जाएगी। प्रखंड पदाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपनी जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज करें, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही लाभुकों तक पहुंचाया जा सके।

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं.: डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-02-26-27 (दो पैकेट प्रणाली में खुली निविदा); दिनांक 13.04.2026;** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/इंजी./सियालदह, पूर्व रेलवे, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700017 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा प्रणाली के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** सियालदह मंडल : कांचरापाड़ा वर्कशॉप गेट - डेपुटी सीपीएम/इंजी/सियालदह के अधीन रोलिंग स्टॉक टेस्टिंग लाइन में लो शेड का प्रावधान, सेवा भवनों का नवीनीकरण, कांचरापाड़ा वर्कशॉप गेट में विभिन्न जर्जित सेवा भवनों के नवीनीकरण के साथ एस/9, 9ए, 10, 11, 11ए एवं 14 में एचडी फ्लोरिंग, रोलिंग स्टॉक टेस्टिंग लाइन में डीप पिट का प्रावधान, सेवा भवन का निर्माण, वर्तमान क्षतिग्रस्त रूफ शीटों का प्रतिस्थापन इत्यादि। **अनुमानित मूल्य:** रु. 26,21,79,492.12; **बयाना राशि:** रु. 52,43,600; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 18 महीने। **खुलने की तारीख:** 05.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे; निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(SDAH-12/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.ireps.gov.in / www.er.indianrailways.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं में लाएं प्रगति : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से औरंगाबाद जिला के विकास एवं आंतरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा, आधारभूत संरचना एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में यूएपीए के कुल 145 मामले लंबित है जिसकी जांच एवं अभियोजन की प्रक्रिया सतत रूप से प्रगति पर है। इन मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में संचार सुदृढ़ीकरण के तहत मोबाइल टावर कनेक्टिविटी के अंतर्गत कुल 40 टावर स्थापित किए जा चुके हैं जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क सुविधा में सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। अक्टूबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच स्वास्थ्य उपकेंद्रों की संख्या 247 से बढ़कर 305 हो गई है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या 186 से बढ़कर 218 हो गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की संख्या 72 से बढ़कर 131 हो गई है। इसके साथ ही जिले में पूर्ण टीकाकरण कवरेज 94% दर्ज किया गया है जो स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार का परिचायक है। वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में भी जिले का प्रदर्शन उल्लेखनीय है। औरंगाबाद जिले का क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) अनुपात 48.6% दर्ज किया गया है। समीक्षा के दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु स्वास्थ्य कर्मियों (एएनएम/अन्य स्वास्थ्य कर्मी) की प्रतिनियुक्ति पर बल दिया गया ताकि विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। मुख्य सचिव द्वारा विकास को गति देने हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए जिसमें उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उद्योग, निजी महाविद्यालय एवं एएनएम कॉलेज की स्थापना हेतु विशेष प्रोत्साहन प्रदान करने, क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं रेल नेटवर्क के विस्तार पर विशेष ध्यान देने, युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए मेडल लाओ, नौकरी पाओ जैसी योजनाओं के माध्यम से खेल एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सहभागिता बढ़ाना शामिल है। जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया कि सुरक्षा एवं विकास के समन्वित प्रयासों के माध्यम से औरंगाबाद को पूर्णतः उग्रवाद मुक्त एवं विकासशील जिला बनाने की दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है।

# सीबीएसई दसवीं में लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल का शानदार प्रदर्शन

## छात्रों ने कड़ी मेहनत और समर्पण से कायम की सफलता की नई मिसाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल ने अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के छात्रों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने स्कूल बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। कहावत है कि मोती पाने के लिए गहरे पानी में उतरना पड़ता है और इसी को चरितार्थ करते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और समर्पण से सफलता की नई मिसाल कायम की है। विद्यालय के मेधावी छात्र आदित्य राज ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं फरहीन फातिमा (94.6%) और अर्फा नाज़ (94%) ने संयुक्त रूप से




द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। इसके अलावा एमडी जायद फारमान (91.2%), दिव्य भूषण (90.4%) और अंकित सिंह (90.2%) ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष कुल 6 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 37 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया। अन्य सफल विद्यार्थियों में महविश जोया (89.4%), अंशिका कुमारी (89.2%), चंदा कुमारी (87.8%), खुशी कुमारी (87.4%) और अर्पिता सिंघल (87.2%) सहित कई छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक सर्वेश कुमार ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सफलता में कक्षा 10 के सभी शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही, जिन्होंने विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाई में मार्गदर्शन दिया बल्कि उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन भी विकसित किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** डीडीयू-गया रेलखंड पर रफीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत देव रेलवे हाल्ट के पास ट्रेन से गिरकर 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जमुई जिले के चन्द्रदीप थाना क्षेत्र के पलसा गांव निवासी सूरज मांझी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि प्रारंभ में शव की पहचान नहीं हो सकी थी लेकिन काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान की गई और परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मृतक की पत्नी मनीता देवी और उनके परिजन रफीगंज पहुंचे और शव की पहचान की। परिजनों के अनुसार सूरज मांझी पिछले दो वर्षों से गुजरात के गांधीधाम में एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं गोरडीहा गुमटी के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक से दूरी पर शव देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ ट्रेन हादसा नहीं लग रहा बल्कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

# डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पूर्व विधायक सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद शंकर के आवास सह कार्यालय पर सृजन साथी जनसंपर्क अभियान (बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी डिजिटल ड्राइव) को लेकर शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में औरंगाबाद जिला एवं प्रखंड स्तर के प्रमुख पदाधिकारियों और वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष आनंद शंकर ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को डिजिटल ऐप के माध्यम से सदस्यता बनाने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने प्ले स्टोर पर उपलब्ध बीपीसीसी ऐप डाउनलोड कर मौके पर ही इसका प्रदर्शन किया और सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ भी किया। साथ ही उन्होंने एक व्यक्ति एक पद,



सांगठनिक ढांचा एवं आरक्षण अभियान की समय-सीमा की जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक स्तर तक यह अभियान 15 मई तक और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों के लिए 31 मई तक पूरा किया जाएगा। उन्होंने सृजन साथी बनने की पात्रता पर भी जोर देते हुए कहा कि इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष, वैध मतदाता पहचान पत्र और लाइव फोटो अनिवार्य है। सदस्यता शुल्क 50 रुपये निर्धारित किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेसी ने इस पहल का स्वागत किया और बूथ स्तर से लेकर गांव-गांव तथा घर-घर जाकर लोगों को जोड़ने और कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डिजिटल सदस्यता अभियान में कुछ सुधार संबंधी सुझाव भी दिए जिस पर आनंद शंकर ने सहमति जताते हुए उच्च स्तर पर बात कर आवश्यक सुधार का आश्वासन दिया। बैठक में महेंद्र यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश कुमार सिंह (पूर्व जिलाध्यक्ष), अरविंद कुमार सिंह (पूर्व जिलाध्यक्ष), प्रदीप कुमार सिंह (पूर्व प्रखंड अध्यक्ष), नवीन कुमार शर्मा, नसीम अख्तर, रविंद्र कुमार सिंह (प्रखंड अध्यक्ष, देव), सत्येंद्र सिंह, श्याम बिहारी सिंह (वरिष्ठ कांग्रेसी), बृज किशोर सिंह (प्रखंड अध्यक्ष, औरंगाबाद), रविंद्र पांडेय, रत्नाकर सिंह (देव), शैलेंद्र मिश्रा 'शैल', सुजीत कुमार सिंह (प्रखंड अध्यक्ष, रफीगंज), संजीव कुमार सिंह (मदनपुर), नागेंद्र कुमार सिंह, विकास नंदन, वरिष्ठ कांग्रेसी अजय कुमार सिंह, अजय सिंह राणा, रंग बहादुर सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, मोहम्मद तबीस, धर्मेंद्र पासवान (जिला युवा अध्यक्ष), भीम सिंह चौहान, मोहम्मद जीना कुरैशी, उदय पासवान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने की अनिवार्य रूप से स्व-गणना पूरी करने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत की जनगणना 2026 के महत्वपूर्ण चरण 'स्व-गणना' की शुरुआत 17 अप्रैल से बिहार सहित औरंगाबाद जिले में हो गई है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जिलेवासियों को संबोधित करते हुए सभी परिवारों से 1 मई 2026 तक अनिवार्य रूप से स्व-गणना पूरी करने की अपील की है। श्री सिंह ने कहा कि स्व-गणना समाज के प्रत्येक वर्ग की वास्तविक स्थिति को समझने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से आम नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर शासन-प्रशासन को सटीक और अद्यतन आंकड़े उपलब्ध करा सकेंगे जिससे विकास योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंचाना और अधिक सुगम होगा।



उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्व-गणना को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में इस प्रकार की पहल पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देती है और इससे सरकार तथा जनता के बीच संवाद और अधिक मजबूत होता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्व-गणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# 20 अप्रैल से सुबह की पाली में होंगे न्यायिक कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद तथा अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में 20 अप्रैल 2026 से 27 जून 2026 तक अदालतों के कामकाज का समय बदल दिया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार के आदेश के अनुसार इस अवधि में अदालतें सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संचालित होंगी, जबकि न्यायालय कार्यालय का कार्य सुबह 7:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चलेगा। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद तथा अनुमंडलीय विधि संघ दाउदनगर द्वारा दिए गए अनुरोध पत्र को स्वीकार करते हुए यह निर्णय लिया गया है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए अदालतों के समय में यह परिवर्तन किया गया है, ताकि न्यायिक कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत इस परिवर्तन से अलग रहेगी और उसका संचालन पूर्व निर्धारित समयानुसार ही किया जाएगा।

# निरीक्षण के दौरान मंडल कारा से आपत्तिजनक सामग्री जब्त

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडल कारा के सभी पुरुष एवं महिला वार्डों, रसोईघर, कारा अस्पताल तथा पूरे जेल परिसर का सघन एवं विस्तृत निरीक्षण किया गया। तलाशी के दौरान सभी वार्डों की बारीकी से जांच की गई जिसमें कुछ आपत्तिजनक सामग्री जैसे एक पिलास, दो पेचकस, लोहे का छोटा टुकड़ा, खाली चुनौटी, टीन का टुकड़ा बरामद किया गया।

# दसवीं में ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता की नई कहानी लिखी है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिससे पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय की मेधावी छात्रा गुनगुन कुमारी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रागिनी सिंह ने 91 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि राजनंदनी ने 90 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य सफल विद्यार्थियों में रौशन राज (89%) एवं सोनाली कुमारी (80%) ने भी अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के



निदेशक लक्ष्मीकांत सिंह ने बताया कि इस वर्ष तीन विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 20 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्राचार्य सुशील कुमार सिन्हा ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रशासिका सोनी सिंह ने कहा कि विद्यालय एक ऐसा मंच है, जहां विद्यार्थियों के सपनों को दिशा मिलती है और मेहनत को सही मुकाम। इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षक निशांत कुमार, अजीत सिंह, संजित सिंह, ऋषभ सिन्हा, संजय कुमार, अमरेश कुमार एवं फलेंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी खुशी जताई और विद्यार्थियों को बधाई दी।




# पुलिस ने 33 वारंटों का किया निष्पादन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 12 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इसके अलावा 33 वारंटों का निष्पादन किया गया है। वहीं पुलिस पर हमला में एक, एसटी-एससी एक्ट में 3, हत्या के प्रयास में 6, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 2 तथा अन्य मामलों में 31 लोगों की गिरफ्तारी की गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

